शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 54 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 20 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट


## बीजेपी में शामिल हुए पूर्व आईएफएस अधिकारी तरणजीत सिंह संधू



**नई दिल्लीः** अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू भाजपा में शामिल हुए। 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी अमृतसर के रहने वाले है।

**अमृतशहर तक पहुंचना चाहिए विकासः तरणजीत सिंह संधू**
भाजपा में शामिल होने के बाद तरनजीत सिंह संधू ने कहा,"पिछले 10 वर्षों में मैंने पीएम मोदी के नेतृत्व के साथ मिलकर काम किया है, खासकर अमेरिका और श्रीलंका के साथ। आज विकास की बहुत जरूरत है और। यह विकास अमृतसर तक भी पहुंचना चाहिए। इसलिए मैं पार्टी अध्यक्ष, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मुझे देश की सेवा के नए रास्ते पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसमें मैं प्रवेश कर रहा हूं।"

**अमृतसर लोकसभा सीट से लड़ सकते हैं चुनावः** भाजपा को अमृतसर सीट के लिए एक सिख चेहरे की तलाश थी। संधू की छवि न सिर्फ साफ-सुथरी है बल्कि राजदूत होते हुए उनके एनआरआई के साथ अच्छे संबंध भी है। यही कारण है कि अमेरिका में उनके सेवानिवृत्त होने से पहले उन्हें सम्मानित भी किया जा रहा है। सिख होने के साथ-साथ वह अमृतसर के है। इससे पहले भाजपा ने तमिलनाडु कैडर के आईएएस अधिकारी जगमोहन सिंह राजू के विधानसभा चुनाव में लड़वाया था।

# इंडिया गठबंधन वाले जानबूझकर करते हैं हिंदू धर्म का अपमानः मोदी

**सलेमः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तमिलनाडु के सलेम में एक जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी भावुक हो गए। पीएम मोदी ने जनसभा के दौरान अपने दिवंगत पूर्व साथियों को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि केएन लक्ष्मण ने पार्टी के लिए बहुत काम किया। उनका योगदान कभी नहीं भुला जा सकता।

**ऑडिटर रमेश को याद कर भावुक हुए पीएम मोदीः** इसके साथ ही पीएम मोदी ने पार्टी के ऑडिटर रहे रमेश को याद करते हुए कहा कि मैं रमेश को नहीं भूल सकता। रमेश ने पार्टी के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत की और वह एक अच्छे वक्ता थे। पार्टी में उनका योगदान अतुलनीय रहा है, लेकिन आज वे हमारे साथ नहीं हैं। उनकी हत्या कर दी गई। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। श्रद्धांजलि देने के बाद



पीएम मोदी थोड़ी देर के लिए रुके, फिर अपना भाषण शुरू किया।

**तमिलनाडु जानता है हिंदू धर्म में शक्ति किसे कहते हैंः** पीएम मोदी ने कहा कि अभी तो चुनाव अभियान की शुरूआत हुई है। लेकिन क्ठउक्र एलायंस के प्लान मुंबई में हुई उनकी पहली रैली में ही खुलकर सामने आ गए हैं। ये कह रहे हैं कि हिंदू धर्म की जिस शक्ति में आस्था होती है, उन्हें इस शक्ति का विनाश करना है। हिंदू धर्म में शक्ति किसे कहते हैं, ये तमिलनाडु का हर व्यक्ति जानता है। इंडी गठबंधन हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं

**ये एक सेकंड नहीं**
पीएम मोदी ने कहा कि ये क्ठउक्र एलायंस वाले लोग बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। हिंदू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है। आप देखिए, और किसी धर्म का अपमान उटड और कांग्रेस का क्ठउक्र एलायंस नहीं करता, किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता। लेकिन हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते।

## शक्ति को खत्म करने का विचार रखने वालों का होगा विनाशः मोदी

हमारे शास्त्र साक्षी हैं कि विनाश उनका होता है, जो शक्ति को खत्म करने का विचार रखते हैं। ऐसे खतरनाक्ीर को हराने की शुरूआत 19 अप्रैल को सबसे पहले मेरा तमिलनाडु करेगा।

**भाजपा की योजनाओं में नारीशक्तिः** प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी, देश की नारीशक्ति की हर परेशानी के आगे ढाल बनकर खड़ा है। महिलाओं को धुआं मुक्त जीवन देने के लिए हमने उज्ज्वला छढक्ऋ गैस कनेक्शन दिए, हमने फ्री मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए आयुष्मान योजना शुरू की। इन सभी योजनाओं के केंद्र में नारीशक्ति ही है। बता दें कि पीएम मोदी लोकसभा चुनाव से पहले पांच दिन के लिए दक्षिण भारत के दौरे पर हैं। अजीत पवार गुट को सभी चुनाव संबंधी ऑडियो-विजुअल विज्ञापनों, बैनर और पोस्टर जैसी प्रचार सामग्री में इसी तरह की घोषणा करनी होगी।

# सीता सोरेन बीजेपी में हुई शामिल

## क्या झारखंड लंका है ...?', सीता सोरेन के बीजेपी में शामिल होने पर जेएमएम ने दी प्रतिक्रिया

**रांचीः** झारखंड में हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन के भाजपा का दामन थामते ही सियासी हलचल तेज हो गई है। अब भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन करने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। झामुमो ने सीता सोरेन के पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया एप एक्स हैंडल पर ट्वीट कर प्रतिक्रिया दी है। झामुमो ने लिखा कि हमारे झामुमो परिवार में सीता सोरेन ब्याह कर आईं थी। वे आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू हैं एवं आदरणीय स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। रामायण याद दिलाते हुए लिखा कि प्रकांड ज्ञानी रावण ने मां सीता का अपहरण किया था। आपकी बात से तो यह तत्पर्य निकलता है कि झारखंड लंका है? अर्जुन मुंडा से



लेकर विद्युत वरण महतो एवं आपके कई अन्य गणमान्य नेतागण इसी झामुमो से निकले हैं। सीता सोरेन को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। सीता सोरेन जी ब्याह कर आयीं थी हमारे झामुमो परिवार में। वे आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू हैं, एवं आदरणीय स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी की पत्नी हैं।

**और रामायण याद करिएः**
माँ सीता का अपहरण किया था - प्रकांड ज्ञानी रावण ने।
आपका बात से तो यह तत्पर्य निकलता है कि झारखंडइससे पहले प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सीता सोरेन के पार्टी ज्वाइन करने पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा कि भारती जैसा आज हमारे एक आदर्श स्वरूप बड़े भैया ने कहा- आज सीता लंका से मुक्त हो गई। अयोध्या में सीता जी का स्वागत है।

# शरद पवार गुट को मिली नए नाम और चुनावी चिह्न की परमिशन

**नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल का दिया आदेश** सुप्रीम कोर्ट ने शरद पवार को मंगलवार (19 मार्च, 2024) को बड़ी राहत दी है। दरअसल, कोर्ट ने शरद पवार गुट को लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' का और पार्टी चिन्ह 'तुरहा बजाते व्यक्ति' का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है।

**लोकसभा चुनाव में नया चिह्न होगा पहचानः** जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ ने अनुभवी राजनेता शरद पवार गुट को 'तुरहा बजाते हुए आदमी' को अपने चुनावी चिह्न के तौर पर इस्तेमाल करने की



अनुमति दे दी है। इसके साथ ही, उन्होंने शरद पवार गुट को निर्देश दिया है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव इन्हीं चिह्न और नाम के आधार पर लड़ेंगे।

**चुनाव आयोग को दिया निर्देशः** पीठ ने चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) को 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' और उसके चुनाव चिह्न 'तुरहा बजेता आदमी' को मान्यता देने का निर्देश दिया है। इसने चुनाव आयोग से यह भी कहा कि वह किसी अन्य पार्टी या स्वतंत्र उम्मीदवार को 'तुरहा बजाते हुए आदमी' चुनाव चिह्न आवंटित न करे। साथ ही, कोर्ट ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट से अंग्रेजी, हिंदी और मराठी में समाचार पत्रों में एक सार्वजनिक नोटिस जारी करने के लिए कहा, जिसमें कहा गया कि 'घड़ी' प्रतीक न्यायाधीन है और इसका उपयोग निर्णय के अधीन है। सभी चुनाव संबंधी ऑडियो-विजुअल विज्ञापनों, बैनर और पोस्टर जैसी प्रचार सामग्री में इसी तरह की घोषणा करनी होगी।

## जेल में ही मनेगी सिसोदिया और संजय सिंह की होली

**नई दिल्लीः** आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की होली इस बार जेल में ही मनेगी। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष अदालत ने मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की न्यायिक हिरासत छह अप्रैल तक बढ़ा दी है।

**6 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई**
न्यायिक हिरासत की समयावधि समाप्त होने पर ईडी ने सिसोदिया को विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष पेश किया था। मामले में अगली सुनवाई छह अप्रैल को होगी। पिछली सुनवाई में ईडी ने कहा था कि आरोपित कार्यवाही में देरी करने के लिए हथकंडे अपना रहे हैं। ईडी ने अपने आवेदन में यह भी आरोप लगाया था कि आरोपितों को उपलब्ध कराई गई जानकारी व सीसीटीवी फुटेज का आप नेताओं द्वारा मीडिया में जांच एजेंसी के खिलाफ निराधार अपमानजनक बयानों के माध्यम से दुरुपयोग किया जा रहा है।

**सिसोदिया को सीबीआई ने फरवरी 2023 में किया था गिरफ्तार**
मामले में सीबीआई ने फरवरी 2023 में सिसोदिया को गिरफ्तार किया और नौ मार्च को ईडी ने उन्हें तिहाड़ जेल से हिरासत में ले लिया था।

## हलचलः उद्धव-कांग्रेस को रास नहीं आ रहा मनसे-भाजपा का गठजोड़!

**मुंबईः मंगलवार को** दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे की मुलाकात ने शिवसेना (यूबीटी) एवं कांग्रेस को असहज कर दिया है। इन दोनों दलों की तीखी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। राज ठाकरे से महाराष्ट्र के भाजपा नेताओं की मेल मुलाकात लंबे समय से होती आ रही है। बीच-बीच में राज ठाकरे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से भी मिलते रहे हैं। लेकिन अब तक यह तय नहीं हो पा रहा था कि राज ठाकरे की आगामी लोकसभा चुनाव में क्या भूमिका होगी, या वह किधर जाएंगे। कुछ ही दिनों पहले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी यह कहकर



असमंजस बढ़ा दिया था कि राज ठाकरे से बात तो हो रही है, हम कई मुद्दों पर एकमत भी हैं, लेकिन अभी मिले सुर मेरा तुम्हारा वाली स्थिति नहीं आ सकी है। इस बीच, राज ठाकरे ने भी पिछले सप्ताह नासिक में हुए अपने स्थापना दिवस समारोह में यह कहकर अपने कार्यकताओं को भी निराश ही किया था कि राजनीति में धैर्य रखने की जरूरत होती है। अभी आप भी धीरज रखिए। लेकिन एक-दो दिन के अंदर ही भाजपा और मनसे के बीच बने समीकरणों का ही परिणाम है कि आज राज ठाकरे अपने पुत्र अमित ठाकरे के साथ दिल्ली पहुंच गए। वहां पहले उनकी मुलाकात महासचिव विनोद तावड़े से हुई। फिर वह केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलने पहुंचे।

दोनों नेताओं की इस मुलाकात ने महाराष्ट्र के विपक्षी दलों को असहज कर दिया है। शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता संजय राउत ने कहा है कि राज ठाकरे के महायुति (महागठबंधन) में शामिल होने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। मुंबई और महाराष्ट्र के लोग स्मार्ट हैं। हमारे वोट बांटने के लिए शाह कितनी भी योजनाएं बना लें, महाराष्ट्र की जनता इन योजनाओं को हरा देगी। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सेना के मेजर ने बनाया कई लक्ष्यों को एक साथ तबाह करने वाला उपकरण




**नई दिल्लीः** सेना के कोर आफ इंजीनियर्स के मेजर राजप्रसाद ने पोर्टेबल मल्टी टारगेट डेटोनेशन डिवाइस (डब्ल्यूईडीसी) के आविष्कार के लिए पेटेंट प्राप्त कर नवाचार के क्षेत्र में कामयाबी की कहानी लिखी है। यह उपकरण माइक्रोप्रोसेसर आधारित इलेक्ट्रानिक सिस्टम है जिसकी रेंज वायर्ड और वायरलेस दोनों मोड में फायरिंग के साथ 2.5 किलोमीटर है। इसकी मदद से दुश्मन के कई ठिकानों को एक साथ तबाह किया जा सकता है। इस उपकरण को सेना में शामिल किया जा चुका है। भारतीय सेना ने बयान जारी कर इसे बड़ी उपलब्धि बताया है। सेना के जवान इस उपकरण की मदद से दूर से ही लक्ष्यों को तबाह कर सकते हैं। इससे जवानों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। इसमें कई अत्याधुनिक खूबियां हैं।

**वायरलेस तरीके से कई लक्ष्यों को ध्वस्त करने में सक्षम**
पहले उपयोग की गई प्रणाली 400 मीटर की सीमित सीमा वाली वायर्ड प्रणाली है। सेना की सुरक्षा सीमा को बढ़ाने और लंबी दूरी से वायरलेस तरीके से कई लक्ष्यों को ध्वस्त करने की थी। सेना को ऐसे उपकरण की जरूरत थी जो लंबी दूरी से वायरलेस तरीके से कई लक्ष्यों को ध्वस्त करने में सक्षम हो।

# नायब सैनी सरकार का हुआ कैबिनेट विस्तार, आठ विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

**चंडीगढ़ः हरियाणा की नायब** सिंह सैनी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार हो गया है। आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली है। सभी की नजरें पूर्व गृहमंत्री अनिल विज पर टिकी थी, जो इस समारोह से दूर नजर आए। शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो गया है। आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें एक को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है, बाकी सात को स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है।

**ये है सैनी की नई टीम**
सोहना से विधायक संजय सिंह, विधायक विशंभर वाल्मीकि, सुभाष सुधा, अभय यादव, असीम गोयल, महिपाल ढांडा, बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा, डॉक्टर कमल गुप्ता ने मंत्री के रूप में शपथ ली है। सूत्रों का दावा है कि सैनी सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार पहले लोकसभा चुनाव के बाद होना था, लेकिन बाद में तय



हुआ कि कैबिनेट में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन बैठाने के बाद ही भाजपा लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे। अभी मंत्रिमंडल में सीएम ओबीसी, दो जाट, एक-एक एससी, गुर्जर और ब्राह्मण समाज से मंत्री हैं। पंजाबी, राजपूत, वैश्य और यादव समाज से कोई मंत्री नहीं था। इसलिए भाजपा हाईकमान ने चुनाव से पहले ही मंत्रिमंडल विस्तार को हरी झंडी दे दी। शनिवार को भी मंत्रिमंडल विस्तार की तैयारियां हो गई थीं। मंत्रियों के लिए पांच गाड़ियां राजभवन के बाहर पहुंच गई थीं, लेकिन कुछ देर बाद आनन-फानन कार्यक्रम बदल दिया गया।

**नाराजगी की बात से विज का इनकार**
दो दिन पहले अंबाला छावनी में उपमंडल कार्यालय शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के अनावरण के दौरान विधायक अनिल विज ने अपनी चुप्पी तोड़ी थी।

उन्होंने कहा था कि वह किसी से नाराज नहीं हैं। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर उन्हें कोई जानकारी नहीं थी और उन्हें उनसे किसी ने संपर्क भी नहीं किया था।

उन्होंने यह भी कहा था कि शपथ ग्रहण के बाद से उनकी किसी ने कोई बात नहीं की है। उन्होंने कहा था कि जो कर रहे हैं अच्छा कर रहे हैं। अच्छी सरकार चलाएंगे। और जो नायब सैनी, जिसको मुख्यमंत्री बनाया है, हमारा छोटा भाई है, हमें उम्मीद है कि वो बहुत बेहतरीन काम करेगा।

# यूट्यूब चैनल के पत्रकार की निर्मम हत्या शव के पास मिला तमंचा





**अखंड भारत संदेश**

**उत्तरांव।** उत्तरांव थाना क्षेत्र के मोहिहां गांव में एक यूट्यूब चैनल के पत्रकार की निर्मम हत्या कर दी गई।शव व मोटरसाइकिल घर से 300 मीटर दूरी पर मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। वहीं भारी पुलिस बल भी मौजूद रहे। मोहिहां गांव निवासी रंजीत कुशवाहा उर्फ पिंटू 30 वर्ष पुत्र स्वर्गीय हरीलाल जो एक यूट्यूब चैनल का संवाददाता था। तथा घर में ही मोबाइल की दुकान भी खोल रखा था। वह सोमवार की रात 9:0 बजे तक घर पर था उसके बाद किसी का फोन आया तो वह घर से निकल गया। रात में वह घर नहीं आया मंगलवार सुबह बरौना गांव निवासी रवेश जो मोहिहा चौराहे पर किराना स्टोर की दुकान खोल रखा है। वह रोज की तरह इसी रास्ते से अपने दुकान के लिए जा रहा था। तभी वहां रंजीत कुशवाहा की मोहिहा नाले के पास खून से लथपथ लाश देखकर वह चौक उठा और जोर-जोर चिल्लाया। लास से 20 मीटर दूरी पर उसकी मोटरसाइकिल पल्सर भी गिरी पड़ी थी जिसकी चाभी भी लगी थी। हत्या की सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना पर मौके पर थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी मय फोर्स के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हर पहलुओं से जांच में जुट गई।वहीं सूचना पर फॉरेंसिक टीम डॉग स्क्वाड भी पहुंचकर जाँच पड़ताल में जुटी रही।शव के पास से एक तमंचा भी बरामद हुआ। सूचना पर एसीपी हंडिया पंकज लवानिया,हंडिया इंस्पेक्टर समेत कई थाने की फोर्स मौके पर रही।पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेज दिया।मृतक के सिर मे गंभीर चोट होने से यह प्रतीत होता है की सर में पीछे से गोली लगने या फिर राड से हमला कर हत्या की गयी हो।मृतक के एक भाई की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी।मृतक चार भाइयो मे तीसरे नंबर पर था।मृतक के दो बेटे सिद्धार्थ 7वर्ष व शिवम 5वर्ष है।मृतक रंजीत की मौत से पत्नी रधिका व माता श्याम कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है।वही निर्मम हत्या से गांव मे दहशत का माहौल बना हुआ है। पत्नी राधिका बताया कि चार दिन पहले अंदावा के एक हरिजन का फोन आया था।उसने यह धमकीं दिया था। कि तुम टेंडर वापस नहीं लोगों तो जान से मार दिए जाओगे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में एसडीओ विद्युत कार्यालय में हुई चोरी महत्व पूर्ण कागजात एवं अन्य उपकरण नदारत

**मेजा।** संदिग्ध परिस्थितियों में एसडीओ विद्युत कार्यालय में सरकारी दस्तावेज चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। उल्लेखनीय है कि एसडीओ विद्युत सिरसा का बीते रविवार को ट्रांसफर हो गया था उसी दिन रात को उनके कार्यालय का ताला तोड़ कर सरकारी कागजातों की संदिग्ध परिस्थितियों में चोरी हो गई। सुबह कार्यालय खुला तो हड़कंप मच गया और कई महत्व पूर्ण फाइलें गायब थीं उक्त की वारदात पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। कर्मचारियों ने आनन फानन में वारदात की। सूचना जेई इन्द्रमणि सरोज व अन्य जिम्मेदारों को दिया जिस पर जे ई व अन्य कर्मचारी कार्यालय पहुचे और मामले की जानकारी करने में जुट गए। प्रभारी उपखंड अधिकारी विद्युत अमित कुमार व कार्यालय के कर्मचारियों ने संयुक्त हस्ताक्षर कर मामले की जानकारी एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता व प्रभारी कोतवाल मेजा राजेश उपाध्याय को देते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। अधिशाषी अभियंता डिविजन मेजा के अधीन सिरसा में चलने वाले उपखंड कार्यालय से एसडीओ चन्द्र भूषण का स्थानान्तरण चुनाव आचार संहिता से कुछ घंटे पहले गोरखपुर के लिए हो गया था। रविवार की रात हुई चोरी में जरूरी फाइले व महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ पिंटर मशीन व अन्य उपकरण भी गायब हो गए हैं। नवागंतुक एसडीओ अमित कुमार ने जब गायब हुए रजिस्टर व फाइलों के बारे में एसडीओ चन्द्र भूषण से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रर व अन्य उपकरण उनके पास सुरक्षित हैं। अचानक एसडीओ के स्थानांतरण के बाद उसी रात कार्यालय का ताला तोड़ कर महत्वपूर्ण फाइलों का चोरी होना चर्चा का विषय बना हुआ है। फिलहाल पूर्व एसडीओ के क्रियाकलापों को लेकर लोगों में तरह-तरह की चचाएँ ब्यप्त हैं।

# इफको किसानों के हित में काम करने वाली संस्था : चौधरी शीशपाल सिंह







**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** इफको ने मृदा संबंधित विकारों को दूर करने के साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। जिससे इफको के प्रति किसानों का विश्वास बढ़ा है। किसानों के हित में सरकार को और भी महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए। क्योंकि देश का अन्नदाता अनेक समस्याओं से जूझते हुए अपनी आय को बढ़ाने के लिए संघर्ष करता है। यह बातें मंगलवार को इफको कोरडेट में जायद फसलों में नैनो यूरिया एवं नैनों डीएपी की उपयोगिता संबंधी संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए इफको कोरडेट के अध्यक्ष शीशपाल सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कही। इस दौरान संगोष्ठी में उपस्थित करीब तीन सौ किसानों से रूबरू होते हुए उन्होंने उनकी खेती से सम्बन्धित समस्याओं को सुना और प्रशिक्षण से प्राप्त लाभ का फीडबैक भी लिया। जिसपर किसानों ने इफको कोरडेट के प्रति आभार जताते हुए कहा की कम लागत में उन्नतिशील खेती करने का सलीका उन्हें इफको कोरडेट से ही मिला है। संगोष्ठी को प्रयागराज एग्रीकल्चर के ज्वाइंट डायरेक्टर डाक्टर रमेश मौर्य, प्रबंध समिति के सदस्य भारत त्रिपाठी,आर पी सिंह बघेल,अमित चौधरी के साथ ही वितरण प्रबंधक अभिमन्यु राय ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने किसानो से नैनो उर्वरक, सागरिका, जैव उर्वरक, जैव अपघटक पर विशेष चर्चा की साथ ही इनके प्रयोग से मिलने वाले फायदों से उन्हें अवगत कराया। संगोष्ठी में पद्मश्री पुरस्कार पाने वाले बाराबंकी जनपद के प्रगतिशील किसान रामसरन वर्मा ने किसानों के बीच अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया की कैसे वो हाईस्कूल फेल होते हुए उन्नति कृषि तकनीकों के सहारे खेती बाड़ी से ही लाखों कमाते हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि ने पत्नी चमन कौर के साथ सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं को सिलाई मशीन देकर प्रोत्साहित भी किया। कोरडेट के प्रधानाचार्य डाक्टर हरिश्चंद्र ने मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने उपस्थित किसानो को आश्वस्त करते हुए कहा की इफको कोरडेट उनकी खेती सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। मौके पर इफको कोरडेट के आईआरडीपी मुकेश तिवारी, प्रशिक्षण प्रभारी सुमित तेवतिया, सविता शुक्ला, राजेश कुमार सिंह व अन्य कर्मचारियों के अलावा सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

### प्रबंध कमेटी की बैठक में हुई किसानों की बेहतरी पर चर्चा

**फूलपुर।** इफको कोरडेट में प्रबंध कमेटी की बैठक चौधरी शीशपाल सिंह जी की अध्यक्षता मे हुई। जिसमे कोरडेट द्वारा किसानो के हित मे चलाये जा रहे कार्यक्रमों को और भी प्रभावशाली बनाने पर विशेष चर्चा हुई।कोरडेट के प्रधानाचार्य डाक्टर हरिश्चंद्र ने किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न उपयोगिता वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

### इफको कोरडेट में आयोजित संगोष्ठी को कृषि विशेषज्ञों ने किया सम्बोधित

## भारतगंज द्वितीय में वार्षिकोत्सव का आयोजन सम्पन्न



**मांडा।** शासन के आदेशानुसार प्राथमिक विद्यालय भारतगंज द्वितीय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संकुल परविंद कुमार रत्नाकर ने किया ।जिसमे मुख्य अतिथि वार्ड सभासद श्याम जी सोनी ,ओम प्रकाश रहे। समारोह में बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम निबंध प्रतियोगिता प्रस्तुत किया गया। अन्त में समापन पर मुख्य अतिथि द्वारा जोया बानो, अनन्या, सानिया काजल,राधिका, मानसी, सादमा, रोजी, रूकसार, अलीजा, जिकरा , अजमतुन निशा, साहिना, सोनम, सौम्या,शुभम, अदिति,को प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरण किया गया। उत्सव में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अली , परविंद कुमार रत्नाकर, अंशुमान सिंह , सुभम यादव, गायत्री देवी, फिरोज खान असगर अली, संगीता देवी, व अभिभावक उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक निसार अहमद द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सदस्यों अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## प ० नित्यानंद उपाध्याय को विहिप यमुनापार की सौंपी गई कमान

**कहा - संगठन को मजबूती के साथ गति देना ही प्राथमिकता**



**मेजा।** विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संगठन का विस्तार करते हुए प्रयागराज के यमुनापार मेंपदाधिकारियों की घोषणा करते हुए जिम्मेदारी दी है। जिसमें पांती मेजारोड निवासी मानस प्रचारिणी समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी ई नित्यानंद उपाध्याय को विश्व हिन्दू परिषद का यमुनापार जिलाध्यक्ष बनाया गया है। संगठन ने रवि को जिलामंत्री, शुभम पाण्डेय को जिला संयोजक,पूर्व जिलामंत्री विनोद दुबे को समरसता प्रमुख व मनोज सिंह को जिला सह मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। ई नित्यानंद उपाध्याय को विहिप का यमुनापार जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्रीय लोगों में खुशी का माहौल है। सभी शुभचिंतकों का श्री उपाध्याय को बधाई देने का तांता लगा हुआ है। उक्त आशय की जानकारी कठौली जनवार गांव के समाजसेवी सिध्दांत तिवारी ने दी है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दिया है।

### डालमिया कंपनी का सीमेंट बता कर दुकानदार ने युवक को ठगा

**मांडा।** क्षेत्र में नकली सीमेंट बेचने वालों दुकानदारों की भरमार हो गई है दुकानदार कंपनी का लेवल लगाकर अच्छा खासा सीमेंट में मुनाफा कमा रहे हैं मेहनत से पूंजी इकट्ठा कर घर बनवा रहे लोग असली नकली की पहचान नहीं कर पा रहे हैं। बता दे की खैरुआ निवासी राजकुमार पुत्र लालमणि ने मांडा थाने में तहरीर देकर बताया कि सुरवा दलापुर स्थित शिव इंटरप्राइजेज के संचालक जयशंकर पाल के दुकान से भवन निर्माण के लिए सीमेंट ले गया था संचालक डालमिया कंपनी का नाम बताकर अच्छी खासी मोटी रकम लेकर पीड़ित को सीमेंट थमा दी। पीड़ित ने अपने घर की गाटर ढलाई के दो-चार दिन बाद पीड़ित का गाटर अचानक भर भर कर गिर पड़ा जिसकी शिकायत संचालक जयशंकर पाल से कहीं तो कंपनी ने मौके पर निरीक्षण करके संचालक व कंपनी मुआवजा देने की बात कही लेकिन एक सप्ताह बी जाने के बाद पीड़ित ने संचालक से मुआवजा को लेकर बात कही तो देने में आनाकानी करने लगे और उल्टा पीड़ित को ही धमकी देकर परेशान करने लगे पीड़ित ने मांडा थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।

# मृतक राजकीय शिक्षक धर्मेंद्र कुमार के परिजनों को 2 करोड़ सहायता दें सरकार : ननकेस यादव



**करछना।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (वित्तविहीन गुट) प्रयागराज ने मुजफ्फरनगर में बोर्ड परीक्षा 2024 की उत्तर पुस्तिका के साथ जा रहे राजकीय शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की पुलिस कांस्टेबल चंद्रप्रकाश द्वारा तंबाकू का बहाना लेकर सरकारी कार्बाइन से छलनी कर हत्या किए जाने की घोर निंदा की है तथा इसे वर्तमान भाजपा सरकार की हर नागरिक के सुरक्षा देने के ढोंग का पदार्फाश हुआ है। ज्ञात हो कि विगत दिनों माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी से ट्रक द्वारा विभिन्न जिलों में मूल्यांकन हेतु कॉपियां प्रेषित की जा रही थी, कि मुजफ्फरनगर स्थित एक मूल्यांकन केंद्र पर रात में ताला बंद होने के कारण अध्यापक एवं सुरक्षा कर्मियों के साथ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ट्रक में ही सो रहे थे। नशे में धुत कांस्टेबल चंद्रप्रकाश ने तंबाकू के बहाने शिक्षक धर्मेंद्र कुमार को बार-बार जगाने को अनसूना करने पर गोली मार दी जिससे कुछ ही समय में शिक्षक धर्मेंद्र की मृत्यु हो गई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष/शिक्षक विधायक लाल बिहारी यादव ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए शिक्षकों के प्रति अपनाए जा रहे उदासीन रवैए के प्रति असंतोष व्यक्त किया है तथा मृतक शिक्षक के परिवार के आश्रित को सरकारी नौकरी तथा 2 करोड़ रुपए सहायता की मांग की है। जिला इकाई प्रयागराज की आपात बैठक जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू की अध्यक्षता में राम नारायण लाल इंटर कॉलेज करछना में संपन्न हुई। जिसमें मृतक धर्मेंद्र के लिए शोक रखा गया एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष/शिक्षक विधायक लाल बिहारी यादव द्वारा मृतक परिवार के लिए माँगी सहायता का समर्थन किया गया। सरकार द्वारा शिक्षकों की उपेक्षा पूर्ण रवैए की निंदा करते हुए कहा गया कि यदि सरकार ने शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार कायम रखा तथा प्रबंध एवं शिक्षकों के बीच में तथाकथित मानदेय देने का शासनादेश जारी कर इन्हें गुमराह किया तो आगामी चुनाव में शिक्षक पुरजोर विरोध करेगा। बैठक में फूलचंद कनौजिया, सीता शरण सिंह, अभय राज, शिव मूरत पटेल ,बुधराम यादव, नवीन शुक्ला ,अवधेश श्रीवास्तव, अमरचंद गुप्ता, प्रेमचंद, शिवमोहन पटेल, अमित, अरविंद यादव आदि उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय प्रेम मानस समिति द्वारा आयोजित कथा में जुटी भक्तों की भीड़




**करछना।** अखिल भारतीय प्रेम मानस प्रचार समिति की ओर से कबरा गांव में चल रही पांच दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा में कथा सुनने के लिए भक्त लोगों की भीड़ जुट रही है। कथावाचक के रूप में कथा के व्यास पीठ पर विराजमान मानस सम्राट पं धनंजय द्विवेदी ने कथा के दूसरे दिन मंगलवार को शिव महिमा व शिव विवाह की कथा सुना कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने शिव की महिमा का गुणगान करते हुए बताया कि इनके पूजन अर्चन से अकाल मृत्यु पर भी विजय प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही साथ शिव विवाह की सुंदर झांकी प्रस्तुत करके लोगों को भाव विभोर कर दिया। वही दूसरे कथा व्यास मानस मर्मज्ञ पं बरम दीन तिवारी ने मां ऐंद्री धाम के नाम की महिमा का बखान करते हुए बताया कि जिसका जैसा नाम होता है। ठीक उसी प्रकार उसमें गुण भी विद्यमान रहता है। राधे वैश्य, राज किशोर मिश्र, दुर्गा द्विवेदी, कृष्ण कुमार मिश्र, डॉ राजेश यादव की ओर से कथा व्यास का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया गया। समिति के संरक्षक चंद्रकांत मिश्र व शिवाकांत पांडेय की ओर से श्री राम की आरती की गई। समिति के अध्यक्ष धवल प्रकाश तिवारी, संयोजक एडवोकेट प्रकाश चंद्र पांडेय व प्रबंधक एडवोकेट विद्याधर मिश्र की ओर से सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया गया। संचालन प्रधानाचार्य कृष्ण प्रकाश तिवारी की ओर से किया गया। इस मौके पर शशि भूषण शुक्ल ,जवाहर यादव, गुलाबचंद्र प्रजापति ,श्याम नारायण पांडेय, राकेश कुमार मिश्र, बृजलाल, संजय कुमार मिश्र, अशफीर्लाल, सुभाष चंद्र सिंह आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

### भगवत भजन से ही होता है सारे दुःखों का नाश : डॉ. रामानन्द जी महाराज



**सहसों।** सप्त दिवसीय संगीतमय चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस पर कथा व्यास डॉ. रामानन्द जी महाराज द्वारा सुदामा चरित्र का सजीव वर्णन सुनकर उपस्थित कथा रसिक श्रोता नर नारी भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि मित्रता करो तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी। जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे वही सच्चा मित्र है। भक्त सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। द्वारपाल द्वारा सुचित होने पर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े हुए अपने मित्र सुदामा को गले लगाकर दोनों मित्र भाऊक होकर रोने लगे। महल में ले जाकर मित्र सुदामा के पैरों को अपनी आंसुओं से धो डाला। भगवान भाव विभोर होकर सुदामा के सर्व दुःखों को दूर करते मुट्ठी चावल के बदले दरिद्रता को दूर कर सुंदर सा राजमहल, सुख, समृद्धि, शारीरिक सुंदरता तथा देवी रूकमणि ने धन संपदा से उनको परिपूर्ण कर दिया। यह है भगवत भक्ति का अनुराग कथा व्यास ने कहा अनुराग से की गई भगवत भक्ति से ही सारे कष्ट दूर होते हुए मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रभु के प्रति भक्ति भी हो तो सुदामा जैसी जो सारे दुःख को झेलते हुए सुदामा भगवान की भक्ति में सदा ही तल्लीन रहते थे। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान सभाजीत तिवारी एवं श्रीमती सावित्री तिवारी व अन्य कथा रासिक श्रोताओं ने व्यास पीठ, भागवत भगवान एवं आवाही देवी देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्रीकांत तिवारी, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, शिवाकांत तिवारी, राम सजीवन शुक्ला, नागेंद्र प्रसाद उपाध्याय, पवन कुमार शुक्ला सहित आदि भक्त रसिक श्रोता नर नारियों ने कथा का रसपान करते उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### वायुसेना में जेटीओ पद पर हुआ अमन का चयन, कस्बा कोरांव में हर्ष, मिठाई बांटकर जताई खुशी



**पसना।** इंडियन एयरफोर्स की जेटीओ परीक्षा 2023 के 296 रिक्तियों में कस्बा कोरांव निवासी अमन कुमार वर्मा पुत्र मनोज कुमार वर्मा ने चयनित होकर कोरांव क्षेत्र का परचम लहराया। बता दे कि कस्बा कोरांव के रहने वाले वर्तमान में भारतीय रेलवे में टीटीआई मनोज कुमार वर्मा के बड़े बेटे अमन कुमार वर्मा ने भारतीय एयरफोर्स में अंतिम चयन पाकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।परिणाम की सूचना पाते ही अमन के परिवारीजनों एवं कस्बा कोरांव में जश्न का माहौल है। अमन ने बताया कि वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएट हैं इस परीक्षा में सफल होकर वे पूरी ईमादारी से भारतीय वायुसेना एवम् देश की सेवा करेंगे। अमन ने अपने मेहनत व लगन से इस परीक्षा को हांसिल कर जनपद में कोरांव का नाम ऊंचा किया है। इस सफलता पर अमन के मित्र फरहान गांधी, धीरज कुमार मिश्रा, डीपी सिंह, अहमद खान, सुनील मिश्र, अमर सिंह, आशु यादव, व अंकित मिश्रा ने मिठाई बांटकर अपने साथी के सफल होने पर खुशियां जताते हुए बधाइयां दी।

### मऊआइमा रेलवे क्रासिंग का ट्रेक बना जानलेवा हो रही है प्रतिदिन दुर्घटनाएं



**मऊआइमा।** मऊआइमा रेलवे क्रासिंग पर ट्रेक की पटरियों के इर्द-गिर्द गिट्टियां के हट जाने से आते जाते वाहनों का फंस जाना आम बात हो गई है। बताया गया है बाइक सवार,ई रिक्शा,चार पहिया वाहन प्रायः ट्रेक के ऊंचा हो जाने तथा इर्द-गिर्द गिट्टियां उखड जाने वह वाहन फंस जाते हैं। जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।यही नहीं यदि कोई बडा वाहन ट्रक फंसा और ट्रेन का समय हो गया तो बडा हादसे से कोई इनकार नहीं कर सकता। मऊआइमा रेलवे स्टेशन अधीक्षक मोहम्मद इरफान ने बताया कि पूर्व में वीडीयो बनवा कर भेजा गया था।आज वह फिर इसकी एआरएम से इसकी लिखित शिकायत कर रहे हैं।

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मऊआइमा क्षेत्र में बीएसएफ ने किया फ्लैग मार्च



**मऊआइमा।** आगामी लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर बीएसएफ ने मऊ आइमा नगर पंचायत मोहल्ला आजम पुर, तीन बत्ती, बहराना, गंजिया बाजार आदि विभिन्न मोहल्लों में फ्लैट मार्च किया। जिसमें बडी संख्या में स्थानीय थाने की फोर्स सहित बीएसएफ के जवान शामिल थे।

### अबकी बार 4 सौ के पार का भाजपा का नारा यानी सभी वस्तुओं का दाम 400 पार - ई जगदीश सिंह



**करछना।** लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा करछना में ग्राम सभा मुगारी मनैया में आम मतदाताओं के बीच बैठ करके जनहित में हुए समाजवादी पार्टी सरकार के समय के कार्यों के विषय में सपा महासचिव ई जगदीश सिंह ने बैठक के दौरान चर्चा किया एवं वर्तमान में केंद्र एवं प्रदेश में चल रही तानाशाह भाजपा सरकार के नाकामियों के संबंध में बताया और कहा कि आप लोग इंडिया गठबंधन की सरकार केंद्र आने वाली पीढ़ी को गुलाम बनाना चाहती लोकतंत्र और संविधान बचाना चाहते हैं क्योंकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कह दिया है की वन नेशन वन इलेक्शन ही होगा पूरी तरह से तानाशाही शासन हो जायेगा और अबकी बार 400 के पार सारी वस्तुओं की कीमत 400 प्रति किलो से ऊपर ही होगी या प्रति लीटर से ऊपर ही होगी।

### मंडल स्तरीय बैठक में कार्यकताओं को दिए गए दिशा निर्देश



**सहसों।** भाजपा विधानसभा फूलपुर की मंडल स्तरीय बैठक मंगलवार को छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में जिला उपाध्यक्ष किरण त्रिवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि विधानसभा फूलपुर प्रभारी हौंसला प्रसाद पाठक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हर मंडल में चुनाव के दृष्टि से जिम्मेदारी पूर्वक कार्य कर सकने वाले 100 सम्मानित कार्यकताओं की सूची तैयार करने सहित आदि प्रमुख बिंदुओं पर दिशा निर्देश देते बूथ कमेटी के साथ पन्ना प्रमुख और सभी मोर्चों के मंडल अध्यक्षों को अपनी टीम के साथ तैयार रहने को कहा। बैठक का समापन जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल के संबोधन से हुआ तथा संचालन विधानसभा फूलपुर संयोजक गिरजा शंकर पांडे ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जीत लाल तिवारी, मनोज निषाद, लक्ष्मीकांत उपाध्याय, महेश चंद्र पांडे, कुंवर मृगेंद्र सिंह, पवन कुमार शुक्ला, संजय सिंह, आलोक कुमार गुप्ता, राकेश सिंह, आत्माधार दुबे, दिलीप निषाद, जय प्रकाश दूबे, राजधर द्विवेदी, पवन कुमार पांडे, भूपेंद्र मिश्रा, शकुंतला शुक्ला, ऊषा रानी निषाद, सुभम मिश्रा सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सप्ताह भर पहले से ही फाग गीतों से गांव हो रहे गुलजार



**सहसों।** प्रेम सौहार्द, भाईचारा की समानता को बनाए रखने वाला पवित्र त्यौहार होली का पावन पर्व होलियारों पर परवान सर चढ़कर बोल रहा है। रंगों का महापर्व होली मनाने लोग देश विदेश से अपने घरों की ओर लौट रहे हैं। शहर से लेकर गांव तक हर तरफ जहां परंपरा गायब होती जा रही हैं वहीं दूसरी ओर चकिया घरहरा गांव में लोकगीत, डेढ़ताल, चौताल, बारह मासा उलार धमार, चहका, बेलवरिया, बारह मासा जैसे गीत युवा कलाकारों के द्वारा पूरे गांव में घूमकर विभिन्न वाद्ययंत्रो के साथ गाए जा रहे हैं। जो मनोरंजन तथा युवाओं के प्रेरणा का केंद्र होता है। इसी तरह एक पखवारे पूर्व ही चकिया घरहरा गांव के चकिया मौजे में दस दिन पहले से ही भगवान गणेश जी की स्तुति के साथ फाग गीतों की शुरूआत अधिवक्ता विष्णुकांत पाण्डेय के दरवाजे से प्रारम्भ हुई। जहाँ पर ।। कीजिये दया हो गजानन, सूरसरि के तीर खड़े राम और लक्ष्मण, भक्तों की लाज बचईया बिसराया हमारी दइया भक्ति।। सहित आदि ऐतिहासिक फाग गीत गाए गए। इस मौके पर नवयुवक ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी कृष्ण बल्लभ द्विवेदी एवं डा.बच्चा सहित आदि संभ्रांत व्यक्तियों के दरवाजे पर जाकर सुंदर कलाकार होलियारों ने एक से बढ़कर मनोहारी फाग गीतों की प्रस्तुति देकर ग्रामीणों को हर्षित कर दिए। फाग गीत कलाकारों में प्रमुख रूप से अवधेश पाण्डेय, अखिलेश पाण्डेय, गणेश वल्लभ, राजकुमार पाण्डेय, शेषधर मिश्र, धनञ्जय शाश्वत, सचिन मिश्रा, आशीष शुक्ला, प्रज्ज्वल पाण्डेय, सौरभ दुबे एवं राहुल दुबे सहित आदि ग्रामीण गाते, सुनते उपस्थित रहे।

# बेटी की मौत... मायके वालों ने सास-ससुर को जिंदा जलाया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बेटी की मौत के बाद सास-ससुर जिंदा जला दिया। दरअसल, सोमवार को घरवालों को पता चला कि उनकी बेटी की मौत हो गई है। घरवाले वहां पहुंचे, तो लाश फंदे से लटक रही थी। यह देखते ही घरवाले भड़क गए। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया।

देखते-देखते काफी लोग जुट गए। बेटी की लाश को घर के बाहर निकाला। इसके बाद ससुराल वालों से मारपीट की। फिर उन्हें घर में बंद कर दिया और आग लगा दी। आग लगने की सूचना पर पुलिसकर्मी पहुंचे। रेस्क्यू कर 5 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को बुलाया। 5 घंटे में टीम ने आग पर काबू पाया। घर के अंदर गई, तो दो शव मिले। इनकी पहचान लड़की के ससुर राजेंद्र केसरवानी और सास शोभा देवी के रूप में हुई है। मंगलवार सुबह 11 बजे लड़के के घरवालों ने हंगामा कर दिया है। फिलहाल, मौके पर भारी संख्या में फोर्सतैनात है।









## ससुराल व मायके वालों में हुई जमकर मारपीट

धूमनगंज के झलवा की रहने वाली आंशिका केसरवानी की शादी एक साल पहले मुट्?ठीगंज के अंशु से हुई थी। देर शाम अंशिका ने फांसी लगा ली। रात 9 बजे अंशु घर पहुंचा। 11 बजे उसने घरवालों को अंशिका की मौत की सूचना दी। इसके बाद घरवाले में मुट्ठीगंज पहुंचे। यहां देखा कि बेटी की लाश फंदे से लटक रही थी। यह देखकर मायके वाले भड़क गए और लड़की के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगा दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते-देखते मारपीट होने लगी। 12 बजे हंगामा बढ़ गया। मायके वालों ने बेटी की लाश को घर के बाहर निकाला। फिर ससुराल वालों को घर में बंद कर आग लगा दी।अंशु के मकान के नीचे फर्नीचर की दुकान है। गेट बंद कर घर फूंके जाने से अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसियों की सूचना पर मुट्?ठीगंज समेत कई थानों की फोर्स ने पहुंचकर हालात काबू किए। अंशु के बगल के घरों को खाली कराया। गुस्साए मायके वालों को पुलिस ने सख्ती कर वहां से हटाया। इसके बाद किसी तरह से 5 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। रात 12 बजे से टीम ने रेस्क्यू शुरू किया। करीब 5 घंटे में दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। डीसीपी दीपक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। रात में चार लोगों को हिरासत में लिया गया था। उन्हें थाने में बैठाया गया है। सभी लड़की के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। वारदात के बाद घरवाले फरार हो गए।

### 1 दिन पहले फोन पर अंशिका से हुई थी बात

अंशिका के मायके वालों का कहना है कि जब से शादी हुई थी, तभी से उसे परेशान किया जा रहा था। एक दिन पहले ही अंशिका ने फोन से बात की थी। वो परेशान थी। हम लोग उससे बात करने के लिए ससुराल आने वाले थे। मगर अंशिका की मौत की खबर मिल गई।

# 313 लीटर सरसो का तेल जब्त

## खाद्य विभाग ने 12 दुकानों पर मारा छापा, 17 सामानों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** होली का पर्व नजदीक आते ही खाद्य विभाग हरकत में आ गया है। मंगलवार को खाद्य विभाग 12 दुकानों पर छापेमारी की। वहां से 17 सामानों के सैंपल लिए। इसमें ज्यादातर नमूने, बेसन, सरसो के तेल, खोया, रसगुल्ला, मैदा आदि सामान रहे। वहीं पुराना कटरा स्थित वैद्य नाथ किशोरी लाल की दुकान से 313 लीटर सरसो का तेल व 69 किलोग्राम साबुत हल्दी को जब्त किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य ममता चौधरी ने बताया कि जिन सामानों की सैंपलिंग हुई है उसकी जांच के लिए सैंपल लैब भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

**इन दुकानों पर हुई छापेमारी :**
श्री वैद्य नाथ किशोरी लाल पुराना कटरा से बेसन, सरसो का तेल, साबुत हल्दी, देहाती रसगुल्ला से खोया, गुलाब जामुन, रोहित यादव व सुनील कुमार खोया मंडी से खोया, दर्शन स्टोर नई बाजार नैनी से मैदा व साबूदाना जलेबी पापड़, कुशवाहा स्वीट हाउस अरैल मोड़ से बफी व खोया, सुबोध लालतारा कोहड़ार से बेसन, दीपक लालतारा से कलाकंद, अशोक लालतारा से बेसन, राजेश कोरांव से नमकीन व शिवशंकर हाटा मांडा से सरसो का तेल का नमूना लिया गया है।




## मतदाताओं को जागरूक करने निकले किन्नर

### प्रयागराज के सुभाष चौक पर बनाई मानव श्रृंखला

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए आज मंगलवार को किन्नरों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। किन्नर कल्याण बोर्ड की मेंबर व किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि (टीना मां) की अगुवाई में बड़ी संख्या में किन्नर सड़क पर उतर गए। पत्थर गिरजाघर से रैली निकालकर सुभाष चौक पहुंचे। इनके हाथों में मतदाता जागरूकता संबंधी पोस्टर भी थे। नर-नारी या हो किन्नर, वोट देना है जरूरी, संकल्प हमारा ना टूटे-कोई मतदाता ना छूटे, वोटर पुनरीक्षण अभियान में भाग लें- लोकतंत्र को मजबूत करेंह्व जैसे नारे भी लगा रहीं थीं।

**लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण है एक वोट :**
महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि ने कहा कि आने वाला चुनाव लोकतंत्र का पर्व है। इसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता जरूरी है। लोकतंत्र को मजबूत करने में हमारा एक वोट बहुत ही महत्वपूर्ण है। संजना नंद गिरि ने कहा, मतदान के प्रति आज किन्नर सड़क पर उतरे हैं। मतदान करना हमारा अधिकार है और हमें इसका प्रयोग सही दिशा में करना है ताकि मजबूत सरकार बने।

# एसडीएम के विरोध में चौथे दिन भी अधिवक्ताओं ने किया हंगामा

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** एसडीएम को हटाने को लेकर मेजा तहसील के अधिवक्ताओं ने चौथे दिन भी हंगामा कर सभी कार्यालयों में तालाबंदी कर कामकाज ठप किया। मंगलवार को लगभग 12 बजे नायब तहसीलदार मेजा अनुग्रह नारायण सिंह ने अपने चेंबर में बैठ कर काम काज कर रहे थे। उसी दरम्यान वकीलों को भनक लगी कि एनटी मेजा कार्यालय में बैठे हैं, भारी संख्या में युवा अधिवक्ता एसडीएम वापस जाओ के नारे लगाते हुए नायब तहसीलदार के दफ्तर में पहुंचे और उन्हें बाहर निकल कर एनटी कोर्ट को बंद कराते हुए सभी कार्यालयों में तालाबंदी कर पूरी तरह से कामकाज को ठप कर दिया। लोक सभा चुनाव को लेकर निर्वाचन कार्यालय खुला रहा और उसमे सामान्य रूप से काम चलता रहा। गौरतलब है कि गत दो माह से एसडीएम मेजा जयजीत कौर की कार्यशैली से नाराज वकीलों ने उन्हें हटाने को लेकर डीएम से भी मुलाकात की थी। स्थानांतरण न होने पर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस को बंद कर सभी कार्यालयों में तालाबंदी कर दिया था। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता एसपी मिश्रा के नेतृत्व में बार के अध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी के साथ बार के सहायक निर्वाचन अधिकारी योगेंद्र शर्मा, प्रेम नारायण तिवारी, संजय मिश्र, बैजनाथ यादव, कमलेश मिश्र, राजीव शुक्ला,अनिल यादव, अब्दुल हक अंसारी, और अनूप मिश्र प्रदर्शन में शामिल रहे।



## हाईकोर्ट समाचार

### हाईकोर्ट की टिप्पणी, समझौते के आधार पर विवाह को खत्म नहीं कर सकते, पेंशन के लिए पत्नी ने दी थी अर्जी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने विशेष अपील की सुनवाई करते हुए कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 से सिर्फ भरण पोषण की राशि निर्धारित की जा सकती है। सहमति की बाद भी धारा 125 के तहत शादी भंग नहीं की जा सकती। अपीलकर्ता महिला ने पारिवारिक पेंशन की मांग को लेकर अपील दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। यह फैसला न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की बेंच ने सुनाया।महाराजा तेज सिंह जूनियर हाई स्कूल, सुल्तानपुर, मैनपुरी में भोजराज सिंह सहायक अध्यापक थे। 30 जून 2012 को सेवानिवृत्त हुए और दो सितंबर 21 को उनकी मृत्यु हो गई। अपीलकर्ता महिला ने पारिवारिक पेंशन के लिए अपील की। इसके साथ ही दावा किया कि भोजराज की शादी पहले एक महिला से हुई थी, लेकिन सफल नहीं हुई। सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण पोषण का दावा किया गया था।इसी दौरान समझौता हो गया और मृत कर्मचारी से महिला अलग हो गई थी। ऐसे में अलग रह रही महिला का अब पारिवारिक पेंशन का अधिकार नहीं है। अपीलकर्ता महिला ने सहायक अध्यापक से विवाह किया और इस संबंध में कोर्ट में कई दस्तावेज प्रस्तुत किए। उत्तराधिकार प्रमाणपत्र प्राप्त करने का भी दावा किया। संबंधित अधिकारियों ने उसके दावे को खारिज कर दिया।इसके बाद महिला ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। यहां से भी उसे राहत नहीं मिली। इसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में विशेष अपील दायर की। डबल बेंच की कोर्ट ने सिंगल बेंच के फैसले को सही मानते हुए कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के तहत ही तलाक की डिक्री के बाद ही विवाह को भंग किया जा सकता है। सीआरपीसी की धारा 125 की कार्यवाही के दौरान समझौता के आधार पर विवाह को खत्म नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि पहली पत्नी के पारिवारिक पेंशन आदि के दावे को इस आधार पर रद्द नहीं कर सकते कि उसने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत कार्यवाही में समझौते के कारण विवाह भंग हो गया। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

# छात्रों को मतदान के महत्व पर किया जागरूक





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी यूनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (यूसीईआर), नैनी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को यूसीईआर सभागार में मतदान के महत्व पर छात्रों को जागरुक किया गया। उन्हें चुनाव आयोग की भूमिका, उपरोक्त में से कोई नहीं (नोटा), मतदाता पहचान पत्र, चुनावी डेटा और वोट डालने की पात्रता के बारे में जानकारी दी। युवाओं से आग्रह किया गया कि यदि वो 18 वर्ष के हैं तो अपना वोट आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में डालने जरुर जायें। यूसीईआर के डीन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव ने शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि शिविर का आयोजन छात्रों को उनका समाज के प्रति जिम्मेदारी एवं कर्तव्य का बोध कराना है। डीन कॉरपोरेट एंड इंडस्ट्री रिलेशंस, डॉ दिव्या बरतरिया ने सात दिवसीय शिविर में निर्धारित गतिविधियों और सेवाओं के बारे में जानकरी दी। हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट से आमंत्रित ट्रेनर राधा सक्सेना ने योगिक ट्रांसमिशन द्वारा स्वयं को जानने, और स्वयं में एकाग्रता और कौशल बढ़ाने के विषय में जानकारी दी। ज्योति मिश्रा ने स्व-अनुशासन और सामुदायिक विकास व विद्यार्थी जीवन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। स्वयंसेवक सौम्या ने कार्यक्रम का संचालन किया। इससे पहले शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों को कैरियर योग और पर्यावरण संरक्षण पर जानकारी दी गई। उन्हें मतदान के महत्व पर जागरुक किया गया।

## पत्नी से फोन पर बात करते करते यमुना में लगा दी छलांग

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में नए यमुनापुल से मंगलवार देर शाम एक किसान ने पत्नी से मोबाइल पर बात करते करते यमुना में छलांग लगा दी। किसान अपना मोबाइल पुल पर रख कर कूदा था। जिससे उसके परिजनों को जानकारी हो सकी। सूचना पर किसान की बेटी व उसके ससुर पुल पर पहुंच गए। जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था।घटवा करछना के रहने वाले युवराज सिंह (45) पुत्र गुलाब सिंह खेती करते है। उनके दो बच्चे हैं। बड़ी बेटी श्रेया उर्फ डॉली जीएनएम (नर्सिंग कोस) कर रही है, वहीं छोटा बेटा आर्यन इंटरमीडिएट की परीक्षा दे चुका है। मंगलवार को नैनी जाने वाले मारग्ग पर पुराने टोल से पहले युवराज पुल पर खड़े होकर अपनी पत्नी से बात कर रहे थे। एकाएक बात करते-करते युवराज ने अपना मोबाइल फोन वहीं नीचे रखकर नदी में छलांग लगा दी। जिस पर युवराज की पत्नी ने अपने पिता वीरेंद्र सिंह निवासी सहसों को जनाकरी दी। सूचना पर वीरेंद्र सिंह और युवराज की बेटी श्रेया नए पुल पर पहुंच गई। वहां अपने पिता का मोबाइल देखकर श्रेया फूट फूटकर रोने लगी। श्रेया की सूचना पर पहुंची पुलिस नदी में आसपास युवराज की तलाश कराई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका।

## न्यूज झरोखा

### एथेलिंड कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस, शुआट्स में फेस्टिव फिएस्टा का आयोजन




**नैनी।** परिवार संसाधन प्रबंधन और उपभोक्ता विज्ञान विभाग, एथेलिंड कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस, शुआट्स ने फेस्टिव फिएस्टा का आयोजन किया, जिसमें सामुदायिक विज्ञान के छात्रों द्वारा बनाए गए उत्पादों को एफआरएमसीएस विभाग की प्रमुख डॉ. निशा चाको और डॉ. रेखा वर्मा की देखरेख में तैयार किया गया। प्रदर्शित किये गये. जैविक होली के रंग, हस्तनिर्मित साबुन, चाय प्री-मिक्स, टी-शिट और हस्तशिल्प उत्पाद बिक्री के लिए रखे गए थे। 'चोटोरी गली' ने मुंह में पानी ला देने वाले व्यंजनों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज डीन प्रोफेसर डॉ. अंशू ने किया।

### आचार संहिता के दायरे में रहेंगे प्रिंटिंग प्रेस संचालक

#### जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा- प्रचार सामग्री पर लिखना होगा नाम और पता

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद अब अफसर आचार संहिता का पालन कराने पर जोर दे रहे हैं। राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को आचार संहिता का पालन करने के बारे में स्पष्ट निर्देश दिया जा चुका है। इसके साथ प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों को भी सचेत किया जा रहा है। उन्हें में आचार संहिता का शत प्रतिशत अनुपालन करने का आदेश दिया गया है। कोई भी राजनीतिक पार्टी या प्रत्याशी अब प्रचार सामग्री छपवाते हैं तो उन्हें अपना पूरा विवरण प्रिंटिंग प्रेस संचालक को देनी होगी। इसके साथ ही प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को यह भी निर्देश दिए गए हें कि यदि वह चुनाव से संबंधित कोई भी सामग्री बनाते हैं तो उसके मुख्य पेज पर अपना नाम और पता लिखना अनिवार्य होगा।

**जिला निर्वाचन कार्यालय में देना होगा घोषणा पत्र :** जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल की ओर स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई भी व्यक्ति निर्वाचन संबंधित पंपलेट या पोस्टर छपवाता है तो उसे प्रकाशक की पहचान की घोषणा अवश्य करना होगा। दस्तावेज की एक प्रति के साथ घोषणा की एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय को जमा करना होगा। यह सब खर्च भी प्रत्याशी के बजट में जोड़ा जाएगा। बता दें कि इलाहाबाद और फूलपुर दोनों सीटों पर चुनाव छठवें चरण में यानी 25 मई को होना है लेकिन अधिकारी तैयारियों में जुटे हैं।

### जमीनी विवाद को लेकर मार पीट चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर हुई मार पीट में दो घायल हुए है । पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कहली निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र मूलचंद्र का आरोप है कि पड़ोसी से जमीनी विवाद को लेकर उन्हें अनायास मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। वीरेंद्र कुमार ने मऊआइमा थाने में रमाकांत और उनके पुत्रों सर्वेश कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# अंगवस्त्र भेंटकर सेवानिवृत हो रही शिक्षिका को किया सम्मानित

### श्रृंगवेरपुर ब्लॉक के पारसपुर भगदेवरा के शिक्षक संकुल की बैठक में आयोजित हुआ कार्यक्रम




**लालगोपालगंज।** नन्हे मुन्ने बच्चों को शिक्षा देने में स्वयं को समर्पित करने वाली शिक्षिका के सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया। शिक्षण संकुल की बैठक समाप्त होने के उपरांत कार्यक्रम आयोजित किया गया। संविलियन विद्यालय पारथपुर भगदेवरा में मंगलवार को उल्दा शिक्षक संकुल की बैठक आयोजित हुई। शिक्षक संकुलों ने मासिक बैठक के एजेंडा के अनुसार शैक्षिक एवं भौतिक बिंदुओं पर चर्चा किया। बीईओ क्षमा शंकर पांडे ने यू डाइस के ड्रॉपबॉक्स में मौजूद छात्रों को तत्काल प्रभाव से इंपोर्ट किए जाने का प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त पेंडिंग ऑनलाइन कार्यों को अभिलंब पूर्ण करने की हिदायत दी। इस वर्ष सेवानिवृत हो रही सेक्सी का मधु चौधरी के उज्जवल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम में मौजूद प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष राधे कृष्ण, मंत्री बालेंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष रामराज प्रजापति, संघर्ष समिति ब्लॉक अध्यक्ष विनीत यादव एआरपी विष्णु मिश्रा ने मधु चौधरी के शिक्षण शैली की प्रशंसा किया। स्कूल स्टाफ की रीता पांडेय,दिनांक कुशवाहा, निधि यादव, मंजू मिश्रा 3और सुमन देवी ने अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर जहां उनका स्वागत किया। वहीं स्कूल के कक्षा 5 के अरविंद को गोद लेकर मधु चौधरी द्वारा शिक्षा के खर्च उठाने का खूब बखान किया।

## बार एसोसिएशन सोरांव के नव निर्वाचित कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह आज

**सोरांव।** आज सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक बार एसोसिएशन सोरांव में विगत दिनों शनिवार को नवनिर्वाचित हुए अधिवक्तागण सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल व विशिष्ठ अतिथि एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य,विधायक गीता पासी, विधायक आर के वर्मा, व पूर्व विधायक प्रभा शंकर पाण्डेय सहित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्य राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश देवेंद्र मिश्रा उपस्थिति रहेंगे। तथा कार्यक्रम में बार एसोसिएशन सोरांव के समस्त नव निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्य संग अधिवक्तागण मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य राजेश कुमार यादव ने दी है।



## बच्चों ने हर्बल एवम वैज्ञानिक पद्धति के द्वारा स्टाल लगाया

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के पीएसी प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हुआ लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय के तीन सेंटरों के बच्चों ने हर्बल एवम वैज्ञानिक पद्धति के द्वारा गुलाल, आचार, मुरब्बा, पापड़ एवम धूप का निर्माण करके विक्रय हेतु स्टाल लगाया इस कार्यक्रम की प्रदर्शनी चक भटाई के पार्षद मयंक यादव की पहल पर नैनी क्षेत्र के पीएसी प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। इस अवसर पर पार्षद मयंक यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए लोगों से प्रधानमंत्री मोदी के विचारों के अनुरूप वोकल फॉर लोकल का आह्वान किया। मयंक यादव ने अपने उद्बोधन में कहा की बच्चे देश का भविष्य हैं यही बच्चे आगे चलकर विभिन्न प्रतिभाओं के माध्यम से देश का नाम रोशन करेंगे इसलिए इन्हे प्रोत्साहित करना हम सभी का धर्म है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद मयंक यादव , संजय श्रीवास्तव, सुनील कुशवाहा, प्रदीप कुमार तिवारी, नीरज शर्मा, सुधीर प्रजापति, उमेश सेन एवम विद्यालय के अध्यापक और अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# शिक्षक की हत्या के विरोध में समाजवादी शिक्षक सभा ने सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फर जनपद में पुलिस आरक्षी चंद्र प्रकाश द्वारा शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की गोलियां बरसाकर निर्संघ हत्या के विरोध में समाजवादी शिक्षक सभा ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा इस दौरान सपाईयों ने कहा कि प्रदेश के शिक्षक समाज में रोष व्याप्त है। समाजवादी शिक्षक सभा इस कृत्य की घोर निंदा करती है। उत्तर प्रदेश की पुलिस बेलगाम हो गई है कानून व्यवस्था ध्वस्त है। चारों तरफ जंगल राज है। रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। प्रदेश सरकार सिर्फ विपक्ष के नेताओं को हर तरह से परेशान करने की जुगत में लगी रहती है अधिकारियों पर सरकार का नियंत्रण नहीं है समाजवादी



जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देते समाजवादी शिक्षक सभा के पदाधिकारी।

शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश आपसे न्याय की अपेक्षा करता है और मृतक शिक्षक धर्मेंद्र के परिवार को 5 करोड रुपए की आर्थिक सहायता तथा परिवार को आश्रित नौकरी एवं पुरानी पेंशन का भुगतान और आरक्षित चंद्र प्रकाश को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करता है। इस मौके पर आशुतोष पांडे जिला उपाध्यक्ष शिक्षक सभा जिला अध्यक्ष जगदीश कुमार यादव, निसार अहमद नगर अध्यक्ष, अनिल कुमार, एडवोकेट अख्तर अली, आशीष यादव, एडवोकेट नदीम रियाज, आशुतोष कुमार यादव, अशोक कुमार, अजीत पटेल, रजत यादव, डॉक्टर एजाज अल्वी, एहतेशाम आदि लोग मौजूद रहे।

## अराजक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर : इंस्पेक्टर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** होली, रमजान व लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने ग्राम प्रधान व ग्रामीणों के साथ पीस कमेटी की बैठक किया, जिसमें सैकड़ों लोग मौजूद रहे। मंगलवार को पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरे धना पुलिस बूथ पर पट्टी कोतवाल आलोक कुमार ने पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया। इस दौरान पट्टी इंस्पेक्टर ने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू हो गया है इसके साथ ही होली, रमजान व लोकसभा चुनाव भी है। इस दौरान पुलिस की पैनी नजर अराजकता फैलाने वालों पर रहेगी।उन्होंने आए हुए लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहारों व चुनाव को देखते हुए लोग शांति का माहौल बनाए रखें। यदि कहीं कुछ गड़बड़ हुआ तो कारवाई निश्चित होगी। यदि क्षेत्र में कोई गड़बड़ी का अंदेशा हो तो पुलिस को सूचित करें। बैठक में कोतवाली के एसआई श्याम सुंदर गिरी, सिपाही सत्यम शर्मा निलेश विश्वकर्मा, विधि कुमार गुलशन यादव के अलावा ग्राम प्रधान अरूण कुमार सोनी, सियाराम यादव, पूर्व प्रधान रंजन त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह रज्जन तिवारी,

# संसार की किसी भी जीव का अस्तित्व परमात्मा से परे नहीं है : धनंजयदास जी महराज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर बावली के शुकुलपुर गांव में चल रही श्रीमदभागवत कथा में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। कथाव्यास वृन्दावन से पधारे धनंजयदास जी महराज ने श्रद्धालुओ को भागवत महात्म्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होने बताया कि जिस तरह से आकाश में बादल और बादल के गायब होने पर भी आकाश यथावत रहता है, इसी तरह भगवान इस संसार से जुड़े हैं। पृथ्वी पर लोगों की समाप्ति के बाद भी परमात्मा का अस्तित्व यथावत बना रहता है। कथा प्रसंग में उन्होने कहा कि संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नही है। कथा के दौरान कथाव्यास ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अपने सखाओ के साथ गोपिओ के घर माखनचोरी पर विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने माखनचोरी के माध्यम से संसार को यह बताया कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए संसार के असार तत्व यानी भोग, अपव्यय आदि में समय न गंवाकर मनुष्य को अपने अंदर स्थित परमात्मा की प्राप्ति में समय लगाना चाहिए। मुख्य आयोजक केसरी प्रसाद शुक्ल ने श्रद्धालुओं का स्वागत व प्रभावती देवी ने आभार जताया। कथा का संयोजन पिंटू शुक्ला व रिंकू शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर रजनीश शुक्ल, दिलीप शुक्ल, पंकज शुक्ल, प्रदीप, बृजेश सिंह, अजय पाण्डेय, सुनील त्रिपाठी, हरिओम शुक्ल, श्वेतांक, महन्थ द्विवेदी आदि रहे।

## बंदरो के आतंक से महिला छत से गिरकर घायल

**परियावा, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कालाकांकर बस्ती मे इन दिनों बंदरो के आतंक से लोग सहमे हुए है दर्जनों की संख्या मे मौजूद बंदरो के आतंक से घर के बच्चे व बूढ़े महिलाये घर से बाहर नही निकल पा रहे है। मंगलवार की दोपहर संगीता निर्मल पत्नी किरण (52)वर्षीय घर की से पर कपड़ा फैलाने गयी थी कि अचानक बंदर ने हमला कर दिया जिससे बचने के लिए अचानक छत से नीचे गिर गई जो गंभीर रूप घर घायल हो गई जिसे परिजन लोग सी एच सी कालाकांकर ले गये जंहा चिकित्सक उपचार कर रहे है। ग्रामवासियो ने बंदरो के आतंक से छुटकारा दिलाने के लिए वन विभाग से गुहार लगाई है।

## डीजी के निर्देश पर एसटीएफ के उप निरीक्षक को किया गया निलंबित

**अखंड भारत संदेश**

**सांगीपुर, प्रतापगढ़।** रविवार की शाम यूपी एसटीएफ की हिरासत में अजय सिंह की मौत के मामले को डीजी ने गंभीरता से लिया। उनके निर्देश पर प्रभारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एसटीएफ ने उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया। साथ ही पूरे प्रकरण की विभागीय जांच भी होगी।सांगीपुर थाना क्षेत्र के लखहरा गांव निवासी अजय सिंह (48) पुत्र राजनाथ सिंह की लखनऊ एसटीएफ की कस्टडी में रविवार को हुई मौत के मामले में डीजी बेहद गंभीर दिखाई दिए।उनके निर्देश पर एसटीएफ के उप निरीक्षक राघवेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया गया है, साथ ही पूरे मामले की विभागीय जांच भी होगी।बता दें कि लखनऊ के गोमती नगर थाने में दर्ज एनडीपीएस मामले में वांछित चल रहे अजय सिंह को लखनऊ एसटीएफ पुलिस ने उनके घर से 17 मार्च को गिरफ्तार करके ले जा रही थी। अजय सिंह की रास्ते में तबियत बिगड़ गई। एसटीएफ पुलिस उसे लालगंज ट्रामा सेंटर ले गई जहां चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उक्त मामले में मृतक की बेटी जानवी सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि पिता की मौत की वजह पुलिस की द्वारा की गई प्रताड़ना है। स्थानीय पुलिस ने मृतक की बेटी की तहरीर के आधार पर दो महिला सिपाही समेत कुछ अज्ञात लोगो पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। उक्त पूरे प्रकरण को डीजी ने गभीरता से लेते हुए पूरे मामले की विभागीय जांच के साथ ही उप निरीक्षक को निलंबित करने का निर्देश भी दे दिया।

## ग्रामीणों ने सड़क बनवाये जाने की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्वनाथगंज विधान सभा क्षेत्र के भावलपुर गांव के ग्रामीणों ने सड़क बनवाये जाने की मांग जिला प्रशासन से की है। ग्रामीणों का कहना है कि दो दशक से इस गांव का विकास नहीं हो पाया और न ही इस गांव में सड़क बन पाई है। संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इस गांव की सड़क न बन पाने से आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्कूल जाने वाले स्कूली बच्चों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सड़क बनाये जाने की मांग को लेकर कई बार तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन सड़क नहीं बन पाई। ज्ञानेश सिंह ने बताया कि सड़क न होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण रमापति पाण्डेय, अवधेश नारायण पाण्डेय, सुखनंदन पाण्डेय, बाबादीन पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह आदि ने सड़क बनवाये जाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

## ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के ठनेपुर गांव निवासी शीतला प्रसाद सरोज उम्र लगभग 40 वर्ष नन्हेंलाल गौतम उम्र लगभग 45 वर्ष दोनों बाइक से काम करके घर लौट रहे थे। इस दौरान जब वह लालगंज बाजार के समीप पहुंचे थे कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे 112 पुलिसकर्मी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लाए । जहां पर दोनों की गंभीर हालत के चलते जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दोनों घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज में लाकर भर्ती कराया गया है। दोनों का इलाज चल रहा है।

## ऐंठू में मानवाधिकार पर लोगो को किया गया जागरुक

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानवाधिकार जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अवधेशपुरम् ऐंठू में किया गया। इस दौरान डॉ रणजीत सिंह ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकास के प्रारम्भिक दौर में मानव को अपने अधिकारों का ज्ञान न था, धीरे-धीरे शिक्षा और सभ्यता के विकास के साथ-साथ मानव का मन और मस्तिष्क भी परिष्कृत होता गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ यतेन्द्र कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान द्वारा प्रत्येक मनुष्य को कुछ विशेष अधिकार दिये गये हैं यह वो अधिकार हैं जो मानव को जन्म मिलते ही प्राप्त होते हैं। इस अवसर पर मनीष सिंह, फातिमा बीबी, अमृता, संगीता पटेल, रोशनी मौर्या, शिव कुमारी, बैजन्ती, रेखा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय हिन्दी सेवा से पुरस्कृत डा0 रामबोध को किया गया सम्मानित

### शारदा संगीत महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश तथा अम्मा साहेब ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. राम बोध पाण्डेय को महाराष्ट्र सरकार द्वारा हिन्दी साहित्य के विकास में अभूतपूर्व योगदान हेतु अखिल भारतीय हिन्दी सेवा पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर शारदा संगीत महाविद्यालय प्रतापगढ़ में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अभिनन्दन किया गया।



डा0 रामबोध को सम्मानित करते आयोजकगण।

उनके कृतित्व पर चर्चा भी हुई। इसके पूर्व भी डॉ. पाण्डेय उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ द्वारा साहित्य भूषण तथा मोहन राकेश सर्जना पुरस्कार से समलंकृत हो चुके हैं। अनेक महाकाव्यों सहित ढाई दर्जन से अधिक पुस्तकों का वे प्रणयन कर चुके हैं। उनकी अनेक पुस्तकें आने वाली हैं। अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार डॉ.दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि उत्कृष्ट लेखन से डॉ. पाण्डेय ने प्रदेश-देश में बेल्हा का नाम रोशन किया है। अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि नाटक लेखन में डॉ. पाण्डेय का कोई सानी नहीं है। संचालन शिक्षक अशोक तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य बीना श्रीवास्तव, प्रीति रावत, प्रेमा देवी, ममता साहू, नीलम गुप्ता, जाह्नवी, प्राची, प्रतीक्षा, श्रेया, शालिनी व शिवम तिवारी उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव का ऐलान के बाद भाजपाइयों ने कसी कमर

## किसान मोर्चा, महिला मोर्चा पदाधिकारियों के साथ जिला प्रभारी ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजपा कार्यालय टेउगा प्रतापगढ़ में लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किसान मोर्चा, महिला मोर्चा एवं पिछड़ा मोर्चा की बैठक आहूत की गई। बैठक के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी कौशल सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव एवं लोकसभा संयोजक राय साहब सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रजज्वलित करके बैठक की शुरुआत की।



भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में मौजूद महिला मोर्चा के पदाधिकारी।

जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जैसा कि आप सबको विदित है लोकसभा चुनाव 2024 का ऐलान हो चुका है और अपने जनपद प्रतापगढ़ में छठे चरण में 25 मई को लोकसभा चुनाव का मतदान होगा।

इसकी दृष्टिगत आज आप सभी मोर्चा पदाधिकारी/ कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई गई है। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों की घोषणा हो चुकी है। 2024 में चुनावी इतिहास रचा जाएगा। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कीर्तिमान रख सकते हैं। इस अवसर पर युवा मोर्चा अध्यक्ष अंशुमान सिंह, काशी क्षेत्र महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष रुचि केसरवानी,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सूर्य प्रकाश पटेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष विजय मिश्र, सुजीत पांडेय, शैलेश मिश्र, शुभम सिंह, प्रमिला शुक्ला, पंकज मिश्र, राजेश त्रिपाठी, पवन वर्मा आदि मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी ने दी।

## नियमित रूप से होगा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर इलाज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र अंतर्गत स्थापित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर नियमित रूप से मरीजों का इलाज व जांच इलाज की जाएगी। साथ ही खून के नमूने भी लेंगे।इसी तरह से बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मरुआन, सराय गनई, खभोर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीमा, बलजीत कौर, और खूशबू ने मंगलवार को लगभग साठ से अधिक मरीजों की जांच कर दवाईयां वितरण किया। जिसमें बुखार, गठिया रोग, सर्दी-जुकाम से पीड़ित मरीजों व नवजात शिशुओं के खून के नमूने लिए गए। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर इलाज के लिए आएं मरीजों को निशुल्क दवाइयां व ओआरएस पाउडर का वितरण किया गया। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डाक्टर आरिफ हुसैन ने बताया कि शासन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर प्रतिदिन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ग्रामीणो का इलाज करने के साथ साथ उन्हें स्वस्थ संबंधित जानकारी देंगे।

## सीबीएसई की इंटर बायोलाजी में 2000 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

### जिले के 37 विद्यालयों के परीक्षार्थी हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं जारी है। सीबीएसई बोर्ड 12वीं बायोलॉजी का पेपर जिले के सात परीक्षा केंद्रों क्रमश न्यू एंजिल्स सी से स्कूल, संगम इंटरनेशनल स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज और पंडित नागेश दत्त पब्लिक स्कूल में परीक्षा का आयोजन हुआ।

इस परीक्षा में प्रतापगढ़ के 37 सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लगभग 2000 परीक्षार्थी शामिल हुए। सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर तथा न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल बिपिन कुमार सोनी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।पेपर सुबह 10:30 बजे शुरू हुआ, जो दोपहर 1:30 बजे तक चला। सीबीएसई 12वीं बायोलॉजी पेपर में निम्नलिखित टॉपिक जैसे रीप्रोडक्शन, जेनेटिक्स एंड इवोल्यूशन, बायोलॉजी एंड ह्यूमन वेलफेयर, बायोटेक्नोलॉजी एंड इट्स एप्लीकेशन्स और इकोलॉजी एंड एनवॉयरमेंट जिनसे बोर्ड परीक्षा में प्रश्न पुछे गए। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में परीक्षा केंद्र पर सभी छात्रों को परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले पहुंचना था. छात्रों को परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चेयर पर्सन डॉक्टर शाहिदा ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 वीं की परीक्षा 13 मार्च को समाप्त हो गई और कक्षा 12 वीं की परीक्षा 2 अप्रैल को समाप्त हो जायेगी। सीबीएसई कक्षा 12वीं की अगली परीक्षा पॉलिटिकल साइंस की 22 मार्च को होगी।

# अपर जिला जज ने जिला कारागार का किया निरीक्षण, बंदीजनों को दी गई विधिक जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने जिला कारागार का निरीक्षण किया एवं बंदीजन को विधिक जानकारी देते हुए जागरूक किया।

जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि जिला कारागार में आज कुल 925 बंदी निरुद्ध है जिसमें 853 पुरुष, 36 महिला तथा 36 किशोर बन्दी शामिल हैं। विचाराधीन महिला बंदियों के साथ कुल 06 बच्चे रह रहे हैं। सबसे छोटी बच्ची 01वर्ष 02 माह की बताई गई जिसका नाम दिव्यांशी है। महिला बंदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों का चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कारागार में कौशल विकास मिशन केन्द्र, पुस्तकालय, महिला बैरिक, बाल चक्र, पाक शाला, लीगल एड क्लीनिक , वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम सहित बैरकों तथा जेल परिसर की साफ सफाई, बन्दियों से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर बंदियों से मिलकर उनके विचाराधीन फौजदारी मुकदमों और अपीलों के स्टेटस सम्बन्धी आवश्यक जानकारी ली गई, जिससे उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क विधिक सहायता दिलाई जा सके। इस अवसर पर जेल विजिटर विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट ने बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता व प्ली बार्गेनिन्ग के बारे में जागरूक किया। जेल विजिटर ने बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास मुकदमें एवं अपीलों आदि की पैरवी हेतु निजी अधिवक्ता न हों तो ऐसे लोग प्रार्थना पत्र के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता की माँग कर सकते हैं , इसके लिए उन्हें कोई शुल्क नहीं देना होगा। इस मौके पर उप जेलर अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिस बन्दी द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता की मांग लिखित या न मौखिक की जाती है उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की सुविधा ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से दिलाई जाती है। उन्होंने बताया कि महिला बैरिक में महिला बन्दी के साथ जो बच्चे रह रहे हैं। उनके स्वास्थ्य व खाने कपड़े दूध आदि की पूरी व्यवस्था की जाती हैं। निरीक्षण के पूर्व बन्दीगण को सुबह का खाना दिया जा चुका था। निरीक्षण के दौरान सचिव ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि जिन बंदियों के पास मुकदमें की पैरवी हेतु निजी अधिवक्ता नहीं हैं उनको चिन्हित करके उनके नाम पता पूर्ण विवरण सहित प्राधिकरण कार्यालय को लिखित में अवगत कराएं, जिससे ऐसे बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान समाजसेवी रोशनलाल ऊमर वैश्य डायरेक्टर एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा उपलब्ध कराई गई ज्ञानोपार्जन हेतु पुस्तकों एवं छोटे बच्चो हेतु खिलौने, लिखने के लिए स्लेट, कांपियां एवं पिचकारी उपहार के रूप में अपर जिला जज द्वारा जेल में अपनी मां के साथ रह रहे बच्चों को दिया गया। इस अवसर पर महावीर यादव चीफ लीगल एड डिफेन्स कौंसिल, अभय सिंह डिप्टी लीगल डिफेन्स कौंसिल, उप जेलर आफताब अंसारी एवं उप जेलर ध्रुव नारायण श्रीवास्तव, उप जेलर लाला राम, उप जेलर शारदा देवी, चकित्साधिकारी डा0 प्रवीण रंजन आदि उपस्थित रहे।



पूर्व न्यायाधीश एस0एस0 उपाध्याय का स्वागत करते लोग।

## राम के नाम ने बदल दी भारत की राजनीति : एस0एस0 उपाध्याय

### लखनऊ से वाराणसी जाते समय कुछ देर रुके राज्यपाल के पूर्व परामर्शदाता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पूर्व न्यायाधीश एवं उ0प्र0 के राज्यपाल के पूर्व परामर्शदाता श्याम शंकर उपाध्याय आज मंगलवार को लखनऊ से वाराणसी जाते समय प्रतापगढ़ शहर में भंगवा चुंगी के निकट युवा शिक्षाविद आदित्य त्रिपाठी के आवास पर कुछ देर रुके, जहां पर भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष कुमार मिश्र व आदित्य त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया।

पूर्व न्यायाधीश श्री उपाध्याय ने भाजपा नेता संतोष मिश्रा को ग्लोबल राम नामक स्वरचित पुस्तक भेंट करते हुए कहा कि यह पुस्तक उन्होंने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रकाशित की थी। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने भारतीय राजनीति में परिवर्तन ला दिया है। आज करोड़ों हिन्दू जनमानस भगवान राम के मंदिर बनने से खुश हैं। पूर्व न्यायाधीश व विधिक के विद्वान श्री उपाध्याय वाराणसीय में 20 मार्च को काशी विश्वविद्यालय में जगत गुरु शंकराचार्य विचार गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेने के लिये जा रहे थे। अपने संक्षिप्त प्रवास में उन्होंने बताया कि यह ग्लोबल राम की पुस्तक न्यायाधीशों और विदेशियों को ज्यादा पसंद आई है। इस पुस्तक में हाईकोर्ट के कई न्यायाधीशों व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ताओं ने अपनी शुभकामनाएं दी है। इस पुस्तक में अधिकांश भाग तो अंग्रेजी में है लेकिन राम चरित्र मानस व बाल्मीकि के रामायण उद्धरण हिन्दी में दर्शाए गए हैं। शहर में हुए संक्षिप्त कार्यक्रम के अवसर पर कुण्डा के सुरेश कुमार मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र मिश्र, अधिवक्ता अमित कुमार दुबे, अरुण दुबे आदि मौजूद रहे।

# शादी डॉट कॉम पर फर्जी आईडी बनाकर वैश्य समाज से ठगी करने वाले दंपति को यूपी एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज के हीवेट रोड चौक के रहने वाले अश्वनी कुमार वैश्य पुत्र वीरेंद्र कुमार वैश्य को उसकी पत्नी के साथ गिरफ्तार किया**



**कौशाम्बी।** जिले के वैश्य समाज के दो परिवारों को शादी डॉट कॉम पर शादी कराने का झांसा देकर लाखो की ठगी करने वाले वैश्य दपत्ति को यूपी एसटीएफ ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया है,एसटीएफ ने दंपत्ति को कौशाम्बी पुलिस को सौप दिया है,पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी दंपत्ति को जेल भेज दिया है।यूपी एसटीएफ टीम ने प्रयागराज के हीवेट रोड चौक के रहने वाले अश्वनी कुमार वैश्य पुत्र वीरेंद्र कुमार वैश्य को उसकी पत्नी के साथ गिरफ्तार किया है,यह दंपत्ति शादी डॉट कॉम पर फर्जी आईडी बनाकर वैश्य समाज के लोगो को शादी कराने का झांसा देकर उनसे ठगी का काम करते थे। आरोपी दंपत्ति ने कौशाम्बी जिले के मंझनपुर और पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दो परिवार को शादी कराने का झांसा देकर उनसे दस लाख से अधिक की ठगी की थी और जब शादी नही हुई तो पीड़ित परिजनो ने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी,इसके पूर्व इस गैंग के कुछ लोगो को जेल भेजा जा चुका है लेकिन यह शरीर दंपत्ति फरार चल रहे थे और कौशाम्बी पुलिस ने इन पर 25- 25 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा था जिन्हे एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है।एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह दंपत्ति वैश्य समाज के लोगों को अपने चंगुल में फंसाकर उनके साथ धोखाधड़ी करते थे,कौशबी को दो परिवार के साथ साथ कई अन्य लोगो के साथ भी इन लोगो ने करोड़ों रुपए की ठगी की है शातिर दंपत्ति फर्जी आईडी पर सिम लेते थे और बैंक में खाता भी खोल लेते थे,और रुपए आने के बाद सिम तोड़ देते थे एवं खाता को बंद कर देते थे।इन्हे गिरफ्तार करने के लिए यूपी एसटीएफ से शिफारिश की गई थी,जिसके बाद एसटीएफ ने दंपत्ति को गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस को सौप दिया है,मंझनपुर थाना पुलिस ने लिखापढ़ी कर दंपत्ति को न्यायालय पेश किया जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया।

## चायल तहसील के न्यायालय से पत्रावली गायब करने का आरोप

**चायल कौशांबी।** जिले के चायल तहसील में तैनात एसडीएम के बाबू आज कल सुर्खियों में रहने लगे है और उनके खिलाफ आए दिन किसी मामले को लेकर शासन को शिकायत हो रही है कही अधिवक्ताओं का मामला हो या काश्तकारों का हो अभी ताजा मामला चायल तहसील के एसडीएम कोर्ट से परेशान किसान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया है और आरोप लगाया है कि उसने मौजा पल्हाना धारा 24 का वाद दायर किया है जिसका वाद संख्या टी0 2017024269051320 है जिसका पीड़ित किसान अपने अधिवक्ता के साथ उक्त बाबू के पास लगभग 1 हफ्ता से चक्कर काट रहे और अपनी धारा 24 की फाइल की मांग कर रहे है लेकिन उक्त बाबू चक्कर कटवाने से बाज नहीं आ रहे और पीड़ित किसान को बताया जा रहा है कि उनकी फाइल नही मिल रही है पीड़ित किसान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर उक्त बाबू के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया है मामला बेहद गंभीर है और यदि जिला अधिकारी ने मामले को संज्ञान लिया तो बाबू पर बड़ी कार्यवाही हो सकती है।

## टप्पेबाज महिला गैंग ने उड़ाया तीन हजार रुपए

**कौशांबी।** अपराध की दुनिया में महिलाओं का गैंग भी सक्रिय दिखाई पड़ने लगा है आए दिन महिला गैंग के लोग घटनाओं को अंजाम देते हैं जिन पर पुलिस को भी शक नहीं होता है ताजा मामला सिराथू तहसील का है घटमापुर गांव निवासी बड़की स्टेट बैंक से 3000 रुपए लेकर टेंपो से घर जा रही थी इस टेंपो में तीन अन्य महिलाएं बैठी थी कुछ देर बाद महिलाएं टेंपो से उतर गयी जब बड़की ने अपने झोले को देखा तो उसके झोले से 3000 रुपए आधार कार्ड व अन्य जरूरी कागजात गायब था रुपया गायब होने की जानकारी पर बड़की के होश उड़ गए उसने मामले की सूचना सैनी पुलिस को दी है।

## आर्म्स एक्ट का अभियुक्त अर्थ दंड से दंडित

**कौशांबी।** थाना कोखराज पर पंजीकृत मु0अ0स0 287/05 धारा 25 आर्म्स एक्ट से संबंधित अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र बडेलाल निवासी नरवर पट्टी थाना संदीपन घाट जनपद कौशांबी को माननीय न्यायालय सीजेएम जनपद कौशांबी द्वारा' शासन की प्राथमिकता के आधार पर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी करते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि 1500 के अर्थ दंड से दंडित किया गया अर्थ दंड न अदा करने पर 15 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

## न्यूज झरोखा

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के बाद दो स्कूली छात्रों में हुआ झगड़ा

**सीबीएससी का मंगलवार को आखिरी पेपर था पेपर छूटने के बाद एकत्रित हुए 50 छात्र**



**भरवारी कौशाम्बी** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा दे रहे दो छात्रों में कई दिनों से तनाव चल रहा था मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड का आखिरी पेपर था पेपर छूटने के बाद छात्रों के बीच जमकर झगड़ा हुआ है नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत कस्बा के भवंस मेहता विद्या आश्रम में केपीएस का सीबीएससी सेंटर पड़ा था जहा पर दो छात्रों का कापी को लेकर विवाद छिड़ गया जिसके चलते मंगलवार को परीक्षा का आखिरी दिन पेपर समाप्त होने पर दोनो छात्र के बीच मार पीट हो गई जिसके चलते लड़ाई इतनी बढ़ गई की दोनो पक्षों की तरफ से पचासों लडके एकत्रित होकर दूसरे पक्ष के लड़के को मारने को लेकर खदेड़ा जिसने आता नामक छात्र भागते हुए कार से शिशु मंदिर कॉलोनी अपनी जान बचाकर भागा परंतु उसके पीछे पचासो लडको ने बाइक से उसका पीछा किया' जिसपर मोहल्ले वालों ने पुलिस चौकी भरवारी को फोन कर घटाना की जानकारी दी ' तभी चौकी इंचार्ज मय दल के पहुंच कर मामला को संज्ञान लेते हुए अपने साथ ले जाकर उसे सुरक्षित कर उसके घर भेज दिया इस बीच मोहल्ले वाले सभी दहशत में थे कि क्या हुआ लेकिन पुलिस के आने के बाद मोहल्ले वालों ने राहत की सांस ली।

### व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कमर्शियल गैस सिलेंडर को लेकर डीएसओ ने टीम के साथ चलाया चेकिंग अभियान



**कौशांबी।** कौशाम्बी जिले में छढक्ष् वितरण संघ के आग्रह पर एवं होली के त्यौहार के दृष्टिगत ऊरड अमित कुमार तिवारी, फूड इंस्पेक्टर मधुरिमा देवी, प्रवीण कुमार सिंह, सप्लाई अफसर रामकुंवर आर्य, शत्रुघ्न सिंह के साथ मंझनपुर में अनेकों मिष्ठान भण्डार एवं रेस्टोरेंटों में घरेलू गैस सिलेण्डरों के उपयोग पर रोक लगाने हेतु प्रतिष्ठानों पर अभियान चलाकर निरीक्षण किया। मंझनपुर कस्बा स्थित शिवा स्वीट हाउस, कान्हा स्वीट हाउस, बीकानेर स्वीट हाउस एवं चांदनी रेस्टोरेंट सहित आदि मिष्ठान भंडारों में निरीक्षण के दौरान कामर्शियल सिलेण्डरों का उपयोग किया जाना पाया गया। मौके पर उपयोग किये जा रहे कामर्शियल सिलेण्डरों की बुकिंग एवं पासबुक में इन्ट्री आदि देखी गई। उक्त प्रतिष्ठानों के मालिकों को निर्देशित किया गया कि उपयोग किये जा रहे सभी सिलेण्डरों के संगत दस्तावेज कार्यालय में उपलब्ध करा दें। टीम ने कहा कि जनपद के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कामर्शियल सिलेण्डरों का उपयोग सुनिश्चित कराये जाने हेतु लगातार औचक निरीक्षण किये जायेगें और यदि किसी व्यावसायिक प्रतिष्ठान में घरेलू सिलेण्डर का उपयोग होता हुआ पाया गया तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही संपादित की जाएगी।

### शटरिंग का सामान लोड कर जा रही गाड़ी स्कूली वाहन की टक्कर से पलटी, 05 लोग घायल




**कौशाम्बी।** जिले में शटरिंग लोड कर जा रही पिकप गाड़ी स्कूली वाहन की टक्कर से पलट गई। हाइवे पर पलटी गाड़ी से बल्लिया सड़क पर आ गई जिससे जाम लग गया। हादसे में 5 लोग घायल हो गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और सड़क से बल्लियों को हटवाकर रास्ता साफ कराया। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के कोखराज पेट्रोल पंप के पास नेशनल हाइवे की है जहां एक स्कूल वाहन को सर्विस कराने के लिए चालक गोरे लाल मूरतगंज जा रहा था तभी कोखराज से चाकवन की तरफ हाईवे रोड के बीच मोड़ते हुए बल्ली लदी पिकप गाड़ी को स्कूल वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे बल्ली लदी पिकप गाड़ी पलट गई और पिकप में बैठे चार लोग घायल हो गए। वहीं स्कूल वाहन का चालक भी घायल हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और जांच में जुटी हुई है।

### कापी मूल्यांकन के दौरान मधुमक्खियों ने किया हमला



**कौशाम्बी।** जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा की कापियों के मूल्यांकन के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। एक साथ हजारो की संख्या में मधुमक्खियों के हमले में कई अध्यापक घायल हो गए, जिन्हे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वही मधुमक्खियों के हमले से अफरा तफरी की स्थिति बनी रही। मामला दुर्गा देवी इंटर कालेज ओसा का है जहा यूपी बोर्ड की कापियों के मूल्यांकन का कार्य चल रहा है। मूल्यांकन के दौरान अचानक हजारों की संख्या में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया है। मधुमक्खियों के काटने से कई अध्यापक घायल हो गए। इस दौरान चारो तरफ भगदड़ मची हुई थी। किसी तरह से कमरे में बंद रहकर अध्यापकों ने अपनी जान बचाई है, वही मधुमक्खियों के हमले से घायल अध्यापकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्यवाही



**कौशाम्बी।** जिले में ओवरलोड बालू वाहनों पर परिवहन और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने कारवाई शुरू कर दी है। टीम ने हाइवे पर फरार्टा भर रहे दर्जनभर वाहनों को पकड़ा है वहीं वाहनों को पास कराने वाले पासर टीम की पकड़ से अभी भी बाहर है। जिले में लगातार कार्यवाई के बावजूद बालू के ओवरलोड वाहनों को पास कराने वाले पासर अधिकारियो की लोकेशन देकर बालू वाहन पास कराते हैं। मीडिया में बालू की ओवरलोड गाडियों के फरार्टा भरने की खबर चलने के बाद डीएम के आदेश पर आरटीओ तारकेश्वर मल्ल और खनन अधिकारी अजीत पांडेय की संयुक्त टीम ने लेहदरी रोड पर दर्जन भर ओवरलोड बालू के ट्रक और ट्रैक्टर पकड़े है। दो दिन पहले भी टीम ने कई गाड़ियों को पकड़कर चालान किया था। इसके बावजूद पासर ओवरलोड गाडियों को पास कराने का खेल जारी रखे हुए हैं। डीएम के आदेश पर टीम ने दर्जन भर ओवरलोड ट्रक-ट्रैक्टर सीज किए हैं। टीम को देखकर ओवरलोड बालू वाहन के चालक गाड़ी छोड़ - छोड़ कर भाग गए। टीम ने सभी गाडियों का चालान किया और थाने में खड़ा करा कर सीज कर दिया है।

### जुआ खेलते 04 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस उप निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा ग्रस्त/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 04 अभियुक्तों शिवकुमार पटेल पुत्र स्वर्गीय नन्हकू लाल प्यारे लाल पटेल पुत्र स्वर्गीय सरजू प्रसाद प्रदीप कुमार पुत्र स्वर्गीय रामबली मनोज कुमार पुत्र स्वर्गीय संतोष कुमार निवासीगण रूप नारायणपुर गोरियों थाना सैनी जनपद कौशांबी को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 460 रुपए तथा जामा तलाशी से 430 व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद हुआ गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.स. 90/24 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों का चालान माननीय न्यायालय किया गया।

### जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जिला अधिकारी द्वारा अभियुक्त वीरेंद्र पांडेय पुत्र राम लखन पांडेय निवासी राम सहायपुर थाना मोहम्मदपुर पैंसा जनपद कौशांबी को जिला बदर का आदेश किया गया था मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अभी वीरेंद्र पांडेय उपरोक्त अपने ग्राम आया है जिला अधिकारी के आदेश के उल्लंघन करने पर थाना मोहम्मदपुर पैंसा पुलिस उप निरीक्षक लोकेश शर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त को राम सहायपुर के पास से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 31/24 धारा 10 उत्तर प्रदेश गुंडागर्दी नियंत्रण अधिनियम पंजीकृत किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

## एफएसटी तथा एसएसटी टीम को दिया प्रशिक्षण



**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए मंगलवार को उदयन सभागार में एफएसटी तथा एसएसटी टीम को प्रशिक्षण दिया गया 'जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने एफएसटी तथा एसएसटी टीम को सीजर (जब्तीकरण) की सभी प्रक्रियाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जांच पड़ताल के समय आमजन के साथ विनम्रतापूर्वक तथा शिष्टाचारपूर्ण व्यवहार किया जाय,अनावश्यक आमजन को परेशान न किया जाय। उन्होंने कहा कि जांच पड़ताल के दौरान पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराई जाय। वरिष्ठ कोषाधिकारी रविंद्र प्रताप सिंह द्वारा सीजर (जब्तीकरण) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रविन्द्र कुमार जायसवाल द्वारा एफएसटी तथा एसएसटी टीम को ईएसएमएस पोर्टल/ऐप पर सीजर से संबंधित कार्यवाही किए जाने के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कीर्त कुमार द्वारा सी-विजिल ऐप का प्रशिक्षण दिया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी तथा अपर जिलाधिकारीगण प्रबुद्ध सिंह एवं अरुण कुमार गोंड उपस्थित रहे।

## आदर्श आचार संहिता : कुल 5313 प्रचार सामग्रियों को हटवाया गया




**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की अधिसूचना जारी होने के पश्चात आदर्श आचार संहिता के अन्तर्गतं जनपद में सार्वजनिक सम्पत्तियों पर विभिन्न राजनैतिक दलों के 836 वाल राइटिंग एवं निजी सम्पत्तियों पर 361 वाल राइटिंग को हटाया गया। इसी प्रकार सार्वजनिक सम्पत्तियों पर विभिन्न राजनैतिक दलों के चस्पा 1103 पोस्टर एवं 1197 बैनर तथा निजी सम्पत्तियों पर चस्पा 673 पोस्टर एवं 769 बैनर को हटवाया गया तथा सार्वजनिक सम्पत्तियां पर लगे अन्य सामग्री 183 एवं निजी सम्पत्तियों पर लगे 191 अन्य प्रचार सामग्री को भी हटवाया गया। इस प्रकार अब तक कुल 5313 प्रचार सामग्रियों को हटवाया जा चुका हैं।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो लाख नगद रुपए किए बरामद



**कौशाम्बी।** जिले में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मजिस्ट्रेट एफएसटी डा0 तारिक अग्रवाल एवं टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान मनोज कुमार पुत्र भगवानदीन निवासी नगनेधी थाना अतर्रा जनपद बांदा से 02 लाख रुपए नगद बरामद किया गया। उक्त युवक को महेवाघाट थाना लाया गया और पूछताछ की गई,पूछताछ के बाद थाना प्रभारी ने उक्त रुपए को थाना के मालगृह मे सुरक्षार्थ सील सर्व मोहर कर रखवाया गया। इस दौरान एफएसटी टीम में एसआई शिवशंकर पाण्डेय, सिपाही सौरभ प्रताप, फोटोग्राफर शिवसागर सिंह मौजूद रहे।

## नगर पालिका भरवारी में बन रहा था घटिया ईट से पम्प हाउस

**ग्रामीणों ने रूकवा दिया काम,ठेकेदार बोला 40 प्रतिशत कमीशन में यही बनेगा**



**कौशाम्बी।** जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी में चहेते ठेकेदारों को टेंडर देना व उनसे 35 से 40 प्रतिशत कमीशन लेने का काम और ग्रामीणों द्वारा काम रुकवाने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दिये हुए कमीशन के दम पर ठेकेदार व उनके गुर्गे नगर पालिका भरवारी में विभिन्न वार्डों में हो रहे विकास के कामों में जमकर धांधली करते देखे जा रहे है और नगर पालिका के जिम्मेदार सिर्फ. जनता को कार्यवाही करने का आश्वासन देकर कुछ दिनों के लिए काम रूकवा देते है और ठेकेदार दो चार दिन निर्माण का काम बंद करके फिर से उसी तरह निर्माण कराने लगता है। ताजा मामला नगर पालिका परिषद भरवारी के अंतर्गत वार्ड नंबर 12 कृष्णा नगर के चक माहपुर पांडेमऊ का है जहाँ पर इन दिनों नगर पालिका के एक ठेकेदार द्वारा लगभग 19 लाख की लागत से हर घर नल योजना के तहत पानी सप्लाई के लिए पम्प हाउस ट्यूबवेल का कमरा बनाया जा रहा है । जिसमें पूरी तरह से मानक के अनदेखी कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसे लेकर भारी आक्रोश जताते हुए मंगलवार की सुबह दर्जनों लोगों ने प्रदर्शन किया और क्षेत्रीय सभासद को इसकी सूचना दी कि हमारे यहां जो पंप हाउस का निर्माण हो रहा है उसमें दोयम दर्जे का पीला ईट लगाया जा रहा है और घटिया क्वालिटी का बालू प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुँचे सभासद ने देखा कि वास्तव में दोयम दर्जे का ईट व खराब बालू से पम्प हाउस का निर्माण ठेकेदार के लोगों द्वारा किया जा रहा था ।इस दौरान मौके पर आये एक ट्रैक्टर ईट की जब चालान पर्ची सभासद द्वारा देखी गयी तो पर्ची में ईट की श्रेणी की जगह दोयम दर्जा लिखा हुआ था। जिसे देखकर ग्रामीण बिफर पड़े और हंगामा करने लगे। मौके पर हो रहे घटिया क्वालिटी के निर्माण पर जब सभासद ने ठेकेदार के लोगों से बात कि तो ठेकेदार के लोगों ने मौजूद ग्रामीणों की भीड़ में बोल दिया कि जब 35 से 40 प्रतिशत कमीशन नगर पालिका में दिया हूँ तो अच्छा निर्माण कैसे होगा। इस बात से नाराज सभासद ने तत्काल नगर पालिका के ईओ रामसिंह व जेई मनोज कुमार को फोन पर घटिया निर्माण की जानकारी देते हुए काम रूकवा दिया।मामले में ईओ भरवारी रामसिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर 12 कृष्णा नगर में हो रहे निर्माण की जानकारी मुझे नही है, जानकारी कर्मचारी से कर रहा हूँ ,अगर वास्तव में घटिया क्वालिटी की ईट से ठेकेदार निर्माण करा रहा है तो उसके खिलाफ कार्यवाही अवश्य की जायेगी।

## 72 लीटर शराब के साथ 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** थाना करारी पुलिस उप निरीक्षक सियाकांत चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त पृथ्वी लाल पुत्र जगन्नाथ निवासी बड़ी पवैया थाना करारी जनपद कौशांबी को 16 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया इसी क्रम में थाना चरवा पुलिस उप निरीक्षक मोहम्मद जमीर मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त देवेंद्र कुमार पुत्र श्री नाथ निवासी पंसोर थाना चरवा जनपद कौशांबी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया इसी क्रम में थाना कोखराज पुलिस उप निरीक्षक किशन कुमार बिन्द मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त वीरेंद्र सरोज पुत्र राम अवतार निवासी सौराई बुजुर्ग थाना कड़ा धाम कौशांबी को 16 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया इसी क्रम में थाना महेवा घाट पुलिस उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शिवनंदन पुत्र अमरनाथ निवासी शाहपुर थाना महेवा घाट जनपद कौशांबी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया इसी क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उप निरीक्षक राम जी उपाध्याय मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त प्रेम कुमार पुत्र झब्बू निवासी ग्राम बरौला थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों का चालान माननीय न्यायालय किया गया।

## मासूम के साथ 3 युवकों को पुलिस ने पकड़ा

अखंड भारत संदेश

**मासूम बच्ची को अगवा कर ले जाने की सूचना पर पुलिस ने ट्रेन में मारा छापा**



**कौशाम्बी।** जिले में प्रयागराज से कानपुर जा रही चौरीचौरा एक्सप्रेस ट्रेन में एक मासूम बच्ची को तीन युवक लेकर कही जा रहे थे,मासूम बच्ची लगातार रो रही थी,जिससे आशंकित होकर एक महिला यात्री ने यूपी 112 को फोन कर दिया और ट्रेन जैसे ही भरवारी रेलवे स्टेशन पर रुकी रेलवे की आरपीएफ पुलिस और यूपी 112 पुलिस ने ट्रेन के जनरल डिब्बे को घेर लिया और तीन युवकों और मासूम बच्ची को ट्रेन से उतार लिया।यूपी 112 पुलिस टीम ने मासूम बच्ची और तीनों युवकों को कोखराज थाने में ले जाकर पूछताछ की,पूछताछ के दौरान युवको ने अपना नाम मैसर ,शिबू अख्तर,हलीम जनपद फतेहपुर और लड़की का नाम गौसिया पुत्री मोहर्रम उम्र लगभग 4 वर्ष मां का नाम शेना बताया। युवक शिबू अख्तर ने मासूम बच्ची को अपनी चचेरी बहन बताया,उसने यह भी बताया कि बच्ची रिश्तेदारी में गई हुई थी, जिसको वह लाने गया था और उसे लेकर चौरी चौरा ट्रेन से खागा जा रहा था।कोखराज थाना प्रभारी इंद्रदेव ने इस संबंध में बताया कि यूपी 112 पर एक महिला यात्री ने शिकायत दर्ज कराई थी कि तीन युवक एक बच्ची को अगवा कर कही लेकर जा रहे है,सूचना पर पहुंची पुलिस ट्रेन से उतारकर मासूम बच्ची और तीन युवकों को लेकर थाना लाई है,युवकों से पूछताछ की गई तो उन्होंने मासूम बच्ची को खुद का रिश्तेदार बताया है,बच्ची के परिजनों को बुलाया गया और सब कुछ सही पाया गया,जिसके बाद बच्ची को उसके परिजनो को सौप दिया गया और युवकों को भी जाने दिया गया।

## सरकारी अर्द्धसरकारी स्थानीय निकाय के भवन भूमि का उपयोग नही होगा चुनाव प्रचार के लिए

**कोई भी राजनैतिक पार्टी या उम्मीदवार किसी भी मतदेय स्थल/सार्वजनिक या व्यक्तिगत जमीन भवन व अहाते का इस्तेमाल नोटिस/पोस्टर चिपकाने एवं वाल राइटिंग के लिए नहीं करेगा**

**कौशाम्बी।** जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में दिनांक 06 जून 2024 तक धारा-144 लागू हैं। जनपद कौशाम्बी के सर्म्पूण सीमा क्षेत्र मे एवं जनपद कौशाम्बी मे निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा मे प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर यह आदेश प्रभावी होगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट अरूण कुमार गोंड ने अवगत कराया है कि कोई भी राजनैतिक पार्टी या उम्मीदवार या कार्यकर्ता किसी भी मतदेय स्थल/सार्वजनिक या व्यक्तिगत जमीन, भवन तथा अहाते का इस्तेमाल नोटिस चिपकाने और नारे लिखने, अन्य प्रकार से वाल राइटिंग या पोस्टर चिपकाने के लिए नहीं कर सकता हैं। कोई भी व्यक्ति किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी/स्थानीय निकाय के भवन/भूमि का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नही करेगा और न ही विद्युत व टेलीफोन विभाग के खम्भों, नगर पालिका/नगर पंचायत/सार्वजनिक निर्माण विभाग/राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर निर्वाचन से सम्बन्धित होर्डिंग व प्रचार सामाग्री लगायेंगा। कोई भी व्यक्ति राजनैतिक पार्टी चुनाव सभा बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के नहीं करेंगा। चुनाव सभा की अनुमति के लिए 48 घण्टे पूर्व आवेदन करना होगा, सभा में लाउडस्पीकर का प्रयोग भी बिना अनुमति के नही कर सकेंगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया है कि राज्य कर्मचारी/बैंको/औद्योगिक प्रतिष्ठानों के सुरक्षा के लिए लगे सुरक्षाकर्मी, जिनको अपने कर्तव्य पालन के लिए शस्त्र की आवश्यकता है, को छोड़कर कोई भी अन्य व्यक्ति किसी प्रकार के हथियार बन्दूक, पिस्तौल, रिवाल्वर, रायफल, तलवार, कांता, बल्लम, चाकू, स्टिक एवं तेज धार वाले हथियार किसी सार्वजनिक स्थान पर या मार्ग पर लेकर नही चलेंगा, यह प्रतिबन्ध धार्मिक रूप से अनुमन्य सिक्खों को तलवार/कृपाण लेकर एवं अन्धे और कमजोर व्यक्तियों को सहारे के लिए डण्डा लेकर चलने वाले व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा। सामान्य परिस्थियों को छोड़कर जनपद के सीमा क्षेत्र मे किसी भी स्थल पर 05 या 05 से अधिक व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह, जिनके क्रिया-कलापों से लोक-शान्ति एवं जनसुरक्षा प्रभावित हों, एकत्रित नही होंगे, परन्तु यह प्रतिबन्ध शव-यात्रा, बारात व विवाह आदि समारोह पर लागू नही होगा। किसी भी व्यक्ति समुदाय या संगठन द्वारा जन समुदाय को इकट्ठा करने का प्रयास नहीं किया जायेंगा।जनपद में किसी भी व्यक्ति/संस्था/संगठन द्वारा प्रेसवार्ता या अन्य किसी कार्यक्रम के माध्यम से साम्प्रदायिक सद्भाव व सामाजिक सामंजस्य को बिगाड़ने का प्रयास नही किया जायेंगा। किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति, ऐसे व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मिलित नही होगा, जिसका उद्देश्य किसी विधि विरूद्ध गतिविधि मे भाग लेना हों। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह किसी को न तो जबरिया दबाव डालकर दुकान, कार्यालय, व्यवसाय-स्थल, परिवहन, रेल यातायात बन्द कराने के लिये बाध्य करेंगा और न स्वयं बंद कराने का प्रयास करेंगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह जिले मे मौखिक अथवा सोशल मीडिया के माध्यम से कोई अफवाह नही फैलाएगा और न ही कोई मिथ्या प्रचार करेंगा और न किसी प्रकार की उत्तेजनात्मक पर्चे, हैण्डबिल, पम्पलेट मुद्रित कराएगा और न ही उसका वितरण करायेगा या करेंगा।

## अपनी जमीन बेचकर चाचा की जमीन पर कब्जा करने वाले की डीएम एसपी से शिकायत

**रकम ऐंठने वाले अर्जुन प्रसाद अब चाचा के हिस्से की जमीन को दान देने के बहाने हड़पने की कर चुके हैं तैयारी**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर ककोढा गांव के अर्जुन प्रसाद वर्मा ने अपने हिस्से की जमीन कई वर्षों पूर्व बेच ली है और अब अपने चाचा के हिस्से की जमीन पर उसकी नियत खराब हो गई और वह चाचा के हिस्से की जमीन की दावेदारी कर रहा है जिससे चाचा का परिवार परेशान है और मामले को लेकर चाचा के परिवार के विष्णु सोनी पत्रकार ने जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक से शिकायतकर बेईमानी करने वाले अर्जुन प्रसाद के कारनामे को उजागर कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तारी की मांग की है जिस पर पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थानेदार को निर्देशित किया है कि राजस्व की टीम के साथ प्रकरण की जांच कर ले और गलत पाए जाने पर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को विष्णु सोनी द्वारा दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र के मुताबिक विष्णु के बाबा बेनी प्रसाद और उनके भाई काशी प्रसाद के लड़के अर्जुन प्रसाद ने एक जमीन आबादी खण्डहर मकान नम्बर 1668 संयुक्त रूप से 1967 में पंजीकृत बैनामा के जरिये खरीदी थी उक्त जमीन पर दोनों भाइयों के परिवार काबिज थे बेनी प्रसाद के पुत्र रविनाथ दस अपने हिस्से पर काबिज है और काशी प्रसाद के बेटे अर्जुन प्रसाद अपने हिस्से की जमीन पर काबिज थे अर्जुन प्रसाद ने अपने आधा हिस्सा की जमीन गांव के अमित शुक्ला को 2015 में बेचकर पैसा वसूलकर पंजीकृत बैनामा कर दिया जिससे उनका इस जमीन में हिस्सा नहीं रह गया अब उनका इस जमीन में कोई हिस्सा शेष नहीं है जिनको इन्होंने जमीन बेचा है वह आधे से ज्यादा जमीन पर कब्जा कर रहा है जिसका मुकदमा भी अदालत में चल रहा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण के बाद एनएचएआई में जमीन जाने से सरकार से मुआवजा मिल रहा है जिससे अर्जुन प्रसाद की नियत खराब हो गई वह अपने चाचा बेनी प्रसाद के हिस्से की जमीन पर मुआवजा लेना चाहते हैं और इसी वदनियति के चलते उन्होंने एनएचएआई से लेकर थाना तहसील तक शिकायती पत्र देकर अपना हिस्सा बताना शुरू कर दिया झूठ शिकायती पत्र देने से रवि नाथ दास सोनी के परिवार को मुआवजा नहीं मिल रहा है जिससे जांच अधिकारी थाना पुलिस भी परेशान है कहीं अर्जुन प्रसाद अपना हिस्सा बताते हैं कहीं अपनी एप्लीकेशन को वह झूठी बात कह कर मुकर जाते हैं उनकी धोखाधड़ी फ्रॉड से पूरा परिवार और अधिकारी परेशान हो गए है उन्होंने कहा कि जमीन पर हिस्से की झूठी बात करके ब्लैकमेलिंग करने पर अर्जुन प्रसाद पूरी तरह से उतारू है और आए दिन गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी भी देते हैं मुआवजे की रकम में जबरिया हिस्से लेने के प्रयास के चलते कभी भी अर्जुन प्रसाद वा उनके बेटे पवन कुमार सोनी और अमित कुमार शुक्ला मेरे परिवार में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं।

## संपादक की कलम से

# आस्था के प्रतीक हैं खाटू के श्री श्याम

हमारे देश में बहुत से ऐसे धार्मिक स्थल हैं जो अपने चमत्कारों व वरदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हीं मंदिरों में से एक है राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के सीकर जिले का विश्व विख्यात प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश–विदेशों से आये करीबन 25 से 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी।

श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे।

कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये।

भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया। तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द–गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा।

ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया।

उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे।

युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खींचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है। उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गये। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध मे विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी।

कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतरू ही बहा रही थी बाद में खुदायी के बाद वह शीश प्रकट हुआ।

एक बार खाटू के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिये और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिये प्रेरित किया गया। तदन्तर उस स्थान पर मन्दिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मन्दिर में सुशोभित किया गया, जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चैहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई0 में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार ले लिया और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित किया गया था। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है।

## नसीहत में धमकी देना ठीक नहीं

**जितेन्द्र बच्चन**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

गाजियाबाद के डीएम इन्द्र विक्रम सिंह आजकल खासे चर्चा में हैं। लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में शनिवार को आचार संहिता के मद्देनजर मीडिया और रविवार को प्रिंटिग प्रेस वालों के साथ एक बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि इसे हमारी धमकी समझिए या नसीहत, हर हाल में आचार संहिता का अनुपालन होना चाहिए। इससे पत्रकारों में हड़कंप मच गया।

प्रेस कांफ्रेसं में जो कुछ नहीं बोलने का साहस बटोर पाए, उन्हें भी अब अपनी तौहीन नजर आ रही है। और कई पत्रकारों की तो धड़कनें बढ़ गईं, जो अपने आपको तुर्रम खा समझते हैं और चुनाव आते ही कुछ राजनीतिक दलों या पार्टियों से एक मोटी रकम लेकर उनके विज्ञापन को खबर की तरह बनाकर परोस देते हैं। इस सच को इन्द्र विक्रम सिंह जानते हैं। उन्हें पता है कि ऐसी खबरें ह्यखबरह्ल नहीं होती, बल्कि अप्ररोक्ष तौर पर यह एक विज्ञापन होता है, जिससे आम लोग दिगभ्रमित होते हैं। इसी बात को वह पत्रकारों को शायद समझाने का प्रयास भी कर रहे थे, लेकिन वह इस बात को भूल गए कि इससे पत्रकार भलीभांति परिचित हैं। उनकी समस्या यह है कि मीडिया घरानों का अप्ररोक्ष रूप से दबाव होता है। अवसर का लाभ उठाने की बात की जाती है। ऐसे में स्थानीय पत्रकार के आगे नौकरी बचाने की मजबूरी होती है।

लेकिन यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि अभी गाजियाबाद में ऐसा कोई कृत्य शायद जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के सामने नहीं आया है। तब फिर उन्हें पत्रकारों से बातचीत करते समय कहीं और की दलील देकर इस तरह की भाषा-शैली का प्रयोग नहीं करना चाहिए था। पत्रकार ही नहीं, किसी को भी धमकाना अच्छी बात नहीं है। आप जैसे एक जिम्मेदार अधिकारी से तो कतई ऐसी उम्मीद नहीं की जा सकती। आप चाहते तो इस बात को ऐसे भी कह सकते थे कि जो लोग इस तरह की कारगुजारी करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बस, यही एक चूक हो गई।

इन्द्र विक्रम सिंह जिस मीटिंग में नसीहत के रूप में धमकी दे रहे थे, वहां कई ऐसे पत्रकार भी मौजूद थे, जिन्हें यह बात कचोट गई। कचोटनी भी चाहिए। लेकिन मन मसोसकर रह गए। अब बात निकली है तो दूर तक जाएगी। हमारा ऐसा मत है कि श्री सिंह एक बेहतरीन अधिकारी हैं, इसलिए शब्दों के चयन में उन्हें थोड़ी सावधानी तो बरतनी चाहिए। निश्चित ही उन्हें यह बात समझनी होगी कि धमकी जैसे शब्द का प्रयोग करने से जनमानस में अच्छा संदेश नहीं जाएगा।

# गौरैया की विलुप्ति की त्रासदी चिंताजनक



विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च को दुनियाभर में मनाने का उद्देश्य गौरैया पक्षी की लुप्त होती प्रजाति को बचाना है। पेड़ों की अंधाधुंध होती कटाई, आधुनिक शहरीकरण और लगातार बढ़ रहे प्रदूषण से गौरैया पक्षी विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। इस दिवस की थीम पिछले कुछ वर्षों से एक ही रही है कि, ह्यआई लव स्पैरोजह्ल ( गौरैया )। यह थीम इस दुनिया को पक्षियों, जानवरों और मनुष्यों के लिए एक बेहतर जगह बनाने के सपने एवं उनके संरक्षण से प्रेरित है। एक वक्त था जब गौरैया की चीं-चीं की आवाज से ही लोगों की नींद खुला करती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। यह एक ऐसी पक्षी है जो मनुष्य के इर्द-गिर्द रहना पसंद करती है। गौरैया पक्षी की संख्या में लगातार कमी एक चेतावनी है कि प्रदूषण और रेडिएशन प्रकृति और मानव के ऊपर क्या प्रभाव डाल रहा है। गौरैया पृथ्वी पर सबसे आम और सबसे पुरानी पक्षी प्रजातियों में से एक है। ये छोटे, मनमोहक एवं शांति देने वाले पक्षी सदियों से हमारे जीवन का हिस्सा रहे हैं और प्रकृति में संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दिन, हम उनकी सुंदरता एवं उपयोगिता की सराहना करने के लिए कुछ समय निकाल सकते हैं और सीख सकते हैं कि हम उनकी सुरक्षा में कैसे मदद कर सकते हैं।

भारत और दुनियाभर में गौरैया पक्षी की संख्या में लगातार कमी आ रही है। दिल्ली में तो गौरैया इस कदर दुर्लभ हो गई है कि ढूंढे से भी यह पक्षी देखने को नहीं मिलता, इसलिए वर्ष 2012 में दिल्ली सरकार ने इसे राज्य-पक्षी घोषित कर दिया था। गौरैया की लुप्त होती प्रजाति और कम होती आबादी बेहद चिंता का विषय है। दुनिया भर की कई संस्कृतियों में, गौरैया सादगी, खुशी और सुरक्षा का प्रतीक है। यह उनकी पारिस्थितिक भूमिका के अलावा हमारी साझा मानव संस्कृति और लोककथाओं में भी उनके महत्व को दर्शाता है। घरों को अपनी चीं-चीं से चहकाने वाली गौरैया अब दिखाई नहीं देती। इस छोटे आकार वाले खूबसूरत एवं शांतिपूर्ण पक्षी का कभी इंसान के घरों में बसेरा हुआ करता था और बच्चे बचपन से इसे देखते हुए बड़े हुआ करते थे। अब स्थिति बदल गई है। गौरैया के अस्तित्व पर छाए संकट के बादलों ने इसकी संख्या काफी कम कर दी है और कहीं-कहीं तो अब यह बिल्कुल दिखाई नहीं देती। इस नन्हें से परिंदे को बचाने के लिए ही पिछले कुछ सालों से विश्व गौरैया दिवस मनाते आ रहे हैं। गौरैया देशी पौधों वाले क्षेत्रों में पनपती है, तो क्यों न हम अपने बगीचे में कुछ पौधे लगाकर गौरैया को नया जीवन देने का उपक्रम करें।

पहली बार यह दिवस नेचर फॉरएवर सोसाइटी द्वारा भारत में गौरैया और अन्य सामान्य पक्षियों की घटती आबादी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ मनाया गया था। नासिक निवासी मोहम्मद दिलावर ने घरेलू गौरैया पक्षियों की सहायता हेतु नेचर फोरेवर सोसाइटी की स्थापना की थी। इनके इस कार्य को देखते हुए टाइम ने 2008 में इन्हें हिरोज ऑफ दी एनवायरमेंट नाम दिया था। पर्यावरण के संरक्षण और इस कार्य में मदद की सराहना करने हेतु एनएफएस ने 20 मार्च 2011 में गुजरात के अहमदाबाद शहर में गौरैया पुरस्कार की शुरूआत की थी। गौरैया के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा मानवता पर भी एक प्रश्नचिह्न भी है। गौरैया जैसे बेजुबान पक्षियों का बड़ी संख्या में विलुप्त होना पर्यावरण संतुलन के लिये तो बड़ा खतरा है ही लेकिन इसका असर मानव जीवन पर भी होगा। यह धरती केवल इंसानों के लिये नहीं है, बल्कि वन्य जीवों के लिये भी है, इसलिये पक्षियों का विलुप्त होना या मरना हमारे लिये चिन्ता का बड़ा कारण बनना चाहिए। पक्षी विज्ञानी हेमंत सिंह के अनुसार गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। यदि इसके संरक्षण के उचित प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास का प्राणी बन जाए और भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। ब्रिटेन की ह्यरॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डसह्ल ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को ह्यरेड लिस्टह्ल में डाला है। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह ह्रास ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में हुआ है। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार गौरैया की आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है।

गौरैया का भौगोलिक दायरा बहुत बड़ा है। वे अंटार्कटिका को छोड़कर हर महाद्वीप के मूल निवासी हैं और विभिन्न जलवायु और वातावरण में रहने के लिए अनुकूलित हैं। लेकिन गौरैया पक्षी मानवीय लोभ की भेंट तो चढ़ ही रहे हैं, जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए पक्षियों का शिकार एवं अवैध व्यापार जारी है। गौरैया जैसे पक्षी विभिन्न रसायनों और जहरीले पदार्थों के प्रति अति संवेदनशील होते हैं। ऐसे पदार्थ भोजन या फिर पक्षियों की त्वचा के माध्यम से शरीर में पहुंचकर उनकी मौत का कारण बनते हैं। भोजन की कमी होने, घोंसलों के लिए उचित जगह न मिलने तथा माइक्रोवेव प्रदूषण जैसे कारण इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं। जन्म के शुरूआती पंद्रह दिनों में गौरैया के बच्चों का भोजन कीट-पतंग होते हैं। पर आजकल हमारे बगीचों में विदेशी पौधे ज्यादा उगाते हैं, जो कीट-पतंगों को आकर्षित नहीं कर पाते। जीवन के अनेकानेक सुख, संतोष एवं रोमांच में से एक यह भी है कि हम कुछ समय पक्षियों के साथ बिताने में लगाते रहे हैं, अब ऐसा क्यों नहीं कर पाते? क्यों हमारी सोच एवं जीवनशैली का प्रकृति-प्रेम विलुप्त हो रहा है? मनुष्य के हाथों से रचे कृत्रिम संसार की परिधि में प्रकृति, पर्यावरण, वन्यजीव-जंगल एवं पक्षियों का कलरव एवं जीवन-ऊर्जा का लगातार खत्म होते जाना जीवन से मृत्यु की ओर बढ़ने का संकेत है।

खुद को परिस्थितियों के अनुकूल बना लेने वाली यह चिड़िया अब भारत ही नहीं, यूरोप के कई बड़े हिस्सों में भी काफी कम रह गई है। ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, जर्मनी और चेक गणराज्य जैसे देशों में इनकी संख्या जहाँ तेजी से गिर रही है, तो नीदरलैंड में तो इन्हें ह्यदुर्लभ प्रजातिह्ल के वर्ग में रखा गया है। मोबाइल फोन तथा मोबाइल टॉवरों से निकलने वाली सूक्ष्म तरंगें गौरैया के अस्तित्व के लिए खतरा बन रही हैं। कई बार लोग अपने घरों में इस पक्षी के घोंसले को बसने से पहले ही उजाड़ देते हैं। कई बार बच्चे इन्हें पकड़कर पहचान के लिए इनके पैर में धागा बांधकर इन्हें छोड़ देते हैं। इससे कई बार किसी पेड़ की टहनी या शाखाओं में अटक कर इस पक्षी की जान चली जाती है। इतना ही नहीं कई बार बच्चे गौरैया को पकड़कर इसके पंखों को रंग देते हैं, जिससे उसे उड़ने में दिक्कत होती है और उसके स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता है। पक्षी विज्ञानियों के अनुसार गौरैया को फिर से बुलाने के लिए लोगों को अपने घरों में कुछ ऐसे स्थान उपलब्ध कराने चाहिए, जहां वे आसानी से अपने घोंसले बना सकें और उनके अंडे तथा बच्चे हमलावर पक्षियों से सुरक्षित रह सकें।

मनुष्यों को गौरैया के लिए कुछ ना कुछ तो करना ही होगा, वरना यह भी मॉरीशस के डोडो पक्षी और गिद्ध की तरह पूरी तरह से विलुप्त हो जायेंगे। हमें पक्षियों के स्वास्थ्य के प्रति भी सजग होना चाहिए। सरकारों को भी पक्षियों के इलाज एवं जीवन-सुरक्षा के पुख्ते प्रबंध करने चाहिए। भारत की संस्कृति में पक्षियों को दाना एवं पानी डालने की व्यवस्था जीवनशैली का अंग रहा है, इन वर्षों में हमारी यह संस्कृति लुप्त हो रही है, जो गौरैया के विलुप्त होने का बड़ा कारण है। मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। ऐसे में इस दिन को मनाने के बारे में सोचना वाकई गौरैया और दूसरे गायब होते पक्षियों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए सराहनीय कदम है।

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**मो. 9811051133**

# तो चौकीदार नहीं हमारी ईवीएम चोर है

**@ राकेश अचल**

तीन कम नब्बे के डॉ फारुख अब्दुल्ला यदि झूठ बोलें तो उन्हें कौआ काटे। फारुख साहब का कहना है कि दरअसल चोर तो हमारी ईवीएम है, इसलिए आम चुनाव में जब वोट डालें तो ईवीएम को ठोक - बजाकर देख जरूर लें। पर्चियों का मिलान कर लें, अपने वोट की रक्षा करें, कारण क्योंकि वोट है आपका। खानदानी नेता डॉ फारुख अब्दुल्ला तजुबेर्कार नेता भी हैं। रंगीन तबियत के हंसमुख नेता हैं। प्रगतिशील हैं, धर्मनिष्ठ और धर्मनिरपेक्ष नेता हैं। मुझे निजी तौर पर पसंद हैं। मोदी जी से ज्यादा, फारुख साहब पसंद हैं, अलवत्ता वे प्रधानमंत्री नहीं हैं। राष्ट्रपति नहीं है। अब होंगे भी नहीं। वैसे उन्होंने प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब तो जरूर देखा होगा। भले ही वे प्रधानमंत्री नहीं बने लेकिन वे देश के किसी भी प्रधानमंत्री से ज्यादा चर्चित और लोकप्रिय नेता हैं। सलीकेदार हैं। किसी को अछूत नहीं मानते।



ईवीएम को चोर कहना उतना ही बड़ा दुस्साहस है जितना कि किसी चौकीदार को चोर कहना है। हमारे यहां मिस्टर क्लीन की छवि के एक प्रधानमंत्री राजीव गांधी को भी इस देश में चोर कहा गया। हालांकि राजीव गांधी को चोर कहने वाले लोग इलेक्टोरल बांड के जरिए 60 अरब की चोरी करते रंगे हाथों पकड़े गए, लेकिन दुर्भाग्य न चोरी का पैसा राजसात किया गया और न किसी को इस असंवैधानिक और आपराधिक मामले में जेलों में भेजा गया। हमारे यहां किसी को जेल भेजना या तो बेहद आसान काम है या बेहद कठिन।

देश में ईवीएम की विश्वसनीयता पहले दिन से संदिग्ध रही है। भाजपा के 10 साल के शासनकाल में ये अविश्वास कम होने के बजाय बढ़ा है। 2019 के आमचुनाव भी उसी संदिग्ध ईवीएम से कराए गए थे जिससे कि 2024 के चुनाव कराए जा रहे हैं।आपको याद होगा की 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इसी ईवीएम मशीन के जरिये चुनाव लड़ते हुए विपक्ष का सूपड़ा साफ कर दिया था और ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे तमाम अजेय नेताओं को पराजित कर प्रचंड बहुमत हासिल किया था। अकेले भाजपा को 303 सीटें और 37 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। चुनावों में सूपड़ा साफ करना एक तकनीक नहीं है। इसके लिए या तो 'अंडर करेंट' की जरूरत पड़ती है या किसी चमत्कार की। जिस लक्ष्य को भाजपा ने 2019 में पार किया था उसे कांग्रेस 1952, 57, 62, 71 और, 80 में पहले ही पार कर चुकी है। भाजपा के 2024 के निर्धारित लक्ष्य 400 को भी कांग्रेस ने 1984 में बिना गठबंधन के अकेली दम पर 404 सीटें जीतकर हासिल कर दिखाया था। इसके लिए कांग्रेस को किसी अवतार की जरूरत नहीं पड़ी थी। तब ईवीएम नहीं बल्कि कागज की पर्चियां थीं।

कांग्रेस की दुर्दशा तो 2009 के बाद से होना शुरू हुई है। इस दुर्दशा में कांग्रेस का नेतृत्व और ईवीएम दोनों बड़े कारण हैं। दुर्भाग्य ये है कि ईवीएम को सरे आम चोर कहने वाले लोग अभी तक ईवीएम के खिलाफ खड़े नहीं हो पाए हैं। ईवीएम को लेकर सभी विपक्षी दलों का व्यवहार अस्पष्ट है। विपक्ष गुड़ भी खाना चाहता है और गुलगुलों से परहेज भी करना चाहता है।

मुझे ये लिखने में कोई संकोच नहीं है कि विपक्षी दल उन तमाम मुद्दों को लेकर देश में सरकार के विरुद्ध कोई आंदोलन अब तक खड़ा नहीं कर पाया। यानि ईवीएम चोर कही जाती है किन्तु कोई भी विपक्षी दल ईवीएम के बहिष्कार की बात नहीं कर रहा। विपक्ष न ईवीएम को मुद्दा बना पाया न इलेक्टोरल बांड को। विपक्ष अभी तक कोई निर्णायक और अपीली करने वाला मुद्दा बना ही नहीं सका। विपक्ष की यही कमजोर नस है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के मुम्बई में समापन के मौके पर डॉ फारुख अब्दुल्ला ने एक बार फिर से ईवीएम का राग अलापकर कांग्रेस ही नहीं बल्कि बाकी के राजनीतिक दलों की दुखती रग पर हाथ रख दिया है। डॉ अब्दुल्ला ने कहा है कि जिस दिन इंडिया गठबंधन सत्ता में आएगा उसी दिन से ईवीएम का भी अंत हो जाएगा।

फिलहाल तो डॉ अब्दुल्ला का दावा हवा -हवाई है। 'न नौ मन तेल होगा और न राधा नाचेगी'। इंडिया गठबंधन जिस तरीके से लोकसभा चुनाव लड़ रहा है उसे देखकर नहीं लगता की डॉ फारुख अब्दुल्ला का सपना 2029 में पूरा हो पायेगा। देश से ईवीएम को विदा करना है तो पहले ईवीएम के सहारे एक दशक से जादू कर रखी भाजपा को सत्ता से हटाना होगा। ये असम्भव नहीं किन्तु कठिन काम जरूर है क्योंकि इस समय देश में किसी भी दल के पास भाजपा जैसा संगठनात्मक ढांचा, मजबूत अर्थशास्त्र और भव्य, दिव्य तथा अवतारी नेता नहीं है। भाजपा का नेतृत्व इस समय जो चाहे सो रूप धर सकता है। इस समय भाजपा कामरूप है। उसके पास धनबल, बाहुबल और छलबल इफरात में है। इस मामले में कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष कंगाल है , फटेहाल है।

आपको बता दूँ कि तमाम अविश्वास के बावजूद भारत में मतदाताओं की मौजूदा चुनाव प्रक्रिया में दिलचस्पी बरकरार है। देश के पहले चुनाव में जहाँ 45 फीसदी मतदाताओं ने चुनाव में हिस्सा लिया था वहीं पिछले आम चुनाव में ये भागीदारी 68 फीसदी तक पहूंच गयी थी। इस बार ये प्रतिशत यदि बढ़ता है तो समझा जाएगा कि आम जनता को ईवीएम से कोई शिकायत नहीं है, शिकायत केवल राजनीतिक दलों को है। और यदि ये भागीदारी कम होती है तो समझा जाएगा कि ईवीएम का विरोध जायज है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन समारोह में डॉ फारुख अब्दुल्ला ही नहीं जम्मू-कश्मीर से पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ़्ती भी थीं और बिहार से तेजस्वी यादव भी, तमिलनाडु से स्टालिन भी। सबके स्वर एक जैसे थे, लेकिन ईवीएम के विरोध को लेकर केवल और केवल डॉ फारुख अब्दुल्ला बोले।

लोकसभा चुनाव में लड़ाई मुद्दों से हटकर चेहरों पर सिमट गयी है। चुनाव में एक ही मुद्दा है और वो है भाई नरेंद्र मोदी जी। मोदी जी हर तरह से भाई है। उनका भाईचारा पूरे देश ने देखा है, देख रहा है। मोदी जी का मुकाबला राहुल गांधी के भाईचारे से नहीं है, क्योंकि विपक्ष ने अब तक 'अबकी बार राहुल गांधी की सरकार' का नारा नहीं दिया है। नारा 'अबकी बार इंडिया गठबंधन की सरकार' का भी ढंग से नहीं गूंजा है। विपक्ष को एक स्पष्ट नारा, एक स्पष्ट चेहरा भी मोदी जी के मुकाबले रखना चाहिए था। खैर अब देर हो चुकी है। विपक्ष को सत्तापक्ष से कैसे लड़ना है ये विपक्ष जाने। हमारा काम हम कर रहे हैं। मतदाताओं को अपना काम करना चाहि। मतदाता 60 अरब कमाने वालों के मुकाबले केवल दो रुपए की रियायत पर ही मुतमईन रहना चाहती है तो रहे, अन्यथा 1975 की तरह 'समग्र क्रांति' का पर्याय तलाशे। या १९८५ की तरह 'व्यक्त आ चुका है' जैसा कोई नारा उछाले ! जय सिया राम

# आम चुनाव में अर्जुन की आंख चाहिए

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक-झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग-रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए। य

इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश-निर्माण के संकल्प की है। असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द-गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं - आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत-सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं।

इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। बाकी सभी मयार्दाएं, प्रक्रियाएं हम तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही नेतृत्व जब तक पुनः प्रतिष्ठित नहीं होगी तब तक मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा-रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गडाए रखें। इस दृष्टि से सबकी नजरे मोदी पर ही लगी हैं। मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है। सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत संभालने की जंग भी जारी है। ऐसे में मोदी ही सबसे प्रभावी नेता बन कर सामने आ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाए ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है।

# किसानों का अधिक से अधिक खरीदें गेहूं: डीएम

## एक मार्च से 15 जून तक होगी खरीद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गेंहू खरीद बाबत कार्यशाला तैयारियों की समीक्षा बैठक में गेहूं क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिये। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले में 40 क्रय केन्द्र खुले हैं। खाद्य विभाग के पांच, पीसीएफ के 31, मंडी समिति के एक क्रय केंद्र व भारतीय खाद्य निगम के तीन क्रय केन्द्र खुले हैं।

मंगलवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी को खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि गेहूं खरीद एक मार्च से 15 जून तक होगी। गेहूं क्रय केन्द्र सवेरे नौ से शाम छह बजे तक खुलेंगे। कृषकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल खरीदा जायेगा।



बैठक में निर्देश देते डीएम।

मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूं खरीद का लक्ष्य 32000 मीटन है। किसान जब तक क्रय केन्द्रों पर गेहूं लेकर आते रहेंगे, तब तक खरीद होती रहेगी। भारत सरकार के निर्धारित मानक अनुसार गेहूं खरीद की जायेगी।

जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र प्रभारियों को मानक से गेहूं खरीदते समय साफ-सफाई पर ध्यान देने के निर्देश दिये। भारतीय खाद्य निगम में गेहूं खरीद में समस्या नहीं आनी चाहिए। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि इस बार किसानों से सौ कुंतल तक गेहूं बिना सत्यापन के खरीदा जाएगा। इस बार बंटाईदारों से भी गेहूं खरीद की जाएगी। मोबाइल केंद्रों से गांवों में किसानों के घर से भी गेहूं खरीदा जाएगा। क्रय में एफपीओ, एफपीसी, पंजीकृत सोसायटी, मल्टी सेक्टोरल सोसायटी से भी खरीद की जाएगी। जिलाधिकारी ने केन्द्रों पर गेहूं खरीद को इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, छलना, विनोइंग फैन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। सत्यापन सभी उपजिलाधिकारी करें। राजपत्रित एवं रविवार को छोड़कर शेष कार्य दिवसों में गेहूं क्रय केन्द्र खुले रहेंगे। प्रत्येक गेहूं क्रय केन्द्र पर गेहूं का मानक नमूना प्रदर्शित किया जाये।

क्रय केन्द्रों पर किसानों को पीने को पानी, बैठने व्यवस्था, वाहन पार्किंग को पर्याप्त स्थान रखा जाये। गेहूं क्रय केन्द्र पर वर्षा व प्राकृतिक आपदाओं से गेहूं बचाने को त्रिपाल, क्रेटस आदि व्यवस्था की जाये, ताकि गेहूं खराब न हो सके। मंडी समिति ने क्रय केन्द्रों पर उपलब्ध कराये उपकरणों की खराबी की सूचना देते हुए खराब उपकरणों को ठीक कराने को कहा। बैठक में कहा कि गेहूं बिक्री को किसान को खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। किसान के खुद मौजूद न रहने पर किसान के पंजीयन समय प्रपत्र में दिये सदस्य का बायोमैट्रिक कराते हुये गेहूं खरीदा जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि मंडी से जो गेहूं अवैध खरीद होती है, उनके खिलाफ कार्रवाई करें, ताकि बिचैलिये का खेल खत्म हो सके। किसानों को मूल्य का लाभ मिल सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के निर्देश हैं कि गेहूं अधिक से अधिक खरीद करें, ताकि किसानों की आय बढे। बैठक में एडीएम एफआर उमेशचंद्र निगम, एसडीएम सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश पाठक, जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, जिला कृषि अधिकारी, एलडीएम, मंडी सचिव, एआर कोआपरेटिव, जिला प्रबंधक पीसीएफ, एफसीआई अधिकारी व क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, क्रय केन्द्र प्रभारी आदि मौजूद रहे।



क्षेत्र भ्रमण करते सीओ सिटी।

# दबाव या प्रलोभन में न करें मतदान: सीओ सिटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त सम्पन्न कराने को लेकर सीओ सिटी राजकमल की अगुवाई में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की मौजूदगी में बहिलपुरवा क्षेत्र के ददरी, लखनपुर में पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल के साथ क्षेत्र भ्रमण किया। मतदान केंद्रों को देखा।

मंगलवार को सीओ सिटी राजकमल ने अर्द्धसैनिक बल व बहिलपुरवा थाना पुलिस के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भ्रमण किया। बूथों को देखकर आवश्यक सुधार के निर्देश दिये। त्यागी इंटर कालेज ऐंचवारा बूथ में ग्रामीणों की चैपाल में सीओ सिटी ने आम जनता को भरोसा दिया कि निर्भीक होकर मतदान करें। किसी के प्रलोभन व दबाव में आकर मतदान न करें। मतदान को किसी के प्रलोभन देने व दबाव में लेने के प्रयास करने पर सूचना पुलिस को दें। तत्काल पुलिस कार्यवाही करेगी। मतदान अपनी इच्छा से होता है। कोई भी कहीं भी किसी के पक्ष में मतदान कर सकता है। इसमें किसी के दबाव या प्रलोभन में नहीं आना चाहिए।

# अंधेरगर्दी मचाने वाले सचिवों को जेल जाने से कौन बचा रहा?

## बाकी सचिवों पर भी होगी कार्यवाही: डीपीआरओ

### भुगतान में जमकर मचाई थी अंधेरगर्दी

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पहाडी व मानिकपुर ब्लाक के 22 सचिवों को शासन के निर्देश पर गलत भुगतान करने के मामले में निलम्बित कर रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद गिरफ्तारी के निर्देश दिये थे। 13 लोगों को निलम्बित कर दिया गया। बाकी सचिवों को निलम्बित न कर किसके इशारे पर बचाया जा रहा है। इस बारे में डीपीआरओ इन्द्रराज सिंह ने बताया कि कार्यवाही जारी है। सभी लोगों को एक साथ निलम्बित इसलिए नहीं किया था कि पूरे जिले की व्यवस्था बिगड जायेगी।

पहाडी-मानिकपुर ब्लाक में तैनात सचिव विभिन्न कार्यों के भुगतान में अंधेरगर्दी मचाये थे। शासन स्तर पर शिकायत होने पर 22 सचिवों को निलम्बित कर दिया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई। इनमें पहाडी ब्लाक की श्रीमती प्रियंका शुक्ला, मान सिंह, विकास कुमार, राहुल सिंह, रामभरोस, श्रीमती गायत्री पाण्डेय, जयप्रकाश सिंह, कु प्रियम्बदा पाण्डेय, अनिल कुमार सिंह, सुरेशचन्द्र, बालगोविन्द मौर्य, कमलेश सिंह, जीवनलाल, ज्ञानेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, जानकीशरण, जगदीश पटेल व वीरेन्द्र सिंह तथा मानिकपुर ब्लाक के दीपक सिंह, भूपेन्द्र कुमार, ज्ञान सिंह, श्रीमती करुणा पाण्डेय शामिल थे। सभी पर गलत ढंग से भुगतान के आरोप थे। फिर भी जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने चहेतों को छोडकर 13 लोगों को निलम्बित कर दिया था।

नौ लोगों में कमलेश सिंह, जीवनलाल, जानकीशरण, दिनेश सिंह, बालगोविन्द, दीपक सिंह, जगदीश पटेल पर कार्यवाही नहीं हुई। जबकि उत्कर्ष सिंह, बालगोविन्द, दीपक सिंह, जगदीश पटेल पर कार्यवाही अवश्य होनी चाहिए। आखिर किसके इशारे पर इन्हे बचाया जा रहा है। ये अधिकारियों के कमाऊपूत जो ठहरे। प्रियंका शुक्ला को कैसे बहाल कर दिया, ये स्वतः में सवाल है। भुगतान में अंधेरगर्दी मचाने वाले सचिवों पर कडी कार्यवाही आखिर क्यों नहीं हुई। इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जेल क्यों नहीं भेजा गया। ये सब सवाल लोगों के जेहन में कौंध रहे हैं। इस बारे में डीपीआरओ इन्द्रराज सिंह ने बताया कि जिन पर कार्यवाही नहीं हुई, उन पर भी कार्यवाही जारी है। जल्द ही बाकी लोगों पर भी कार्यवाही तय है।

## एसपी के निर्देश पर सात पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने की गरज से अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले सात लोगों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है।

मंगलवार को कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह ने मलय उर्फ पल्लव पुत्र रसिकलाल निवासी शंकर बाजार, चुनबाद पुत्र चन्द्रपाल छेछरिहा बुजुर्ग, दीपक पटेल पुत्र बोधीलाल चुनहा पुरवा मजरा बन्धोइन, सुनील पटेल पुत्र राजेश कुमार पटेल, तेजराम पुत्र लक्ष्मण यादव बरगदहा पुरवा बिहारा पर 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने सुदामा मिश्रा पुत्र रामराज मिश्रा, अनिल कुमार पुत्र धनराज मिश्रा निवासी भरकोर्रा के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

# एआरटीओ हमले के आरोपी की जमानत मंजूर

### हमले के आरोपी हैं विश्व हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एआरटीओ पर हमले के आरोपी विश्व हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष समेत चार नामजद व छह अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। विश्व हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष रवि सिंह बेराउर ने कहा कि वह बाहर थे। उनके खिलाफ बेजा रिपोर्ट दर्ज हुई है। रिपोर्ट में रवि सिंह, रोहित व सरधुवा के ऋषभ कुमार, कुसेली के राहुल नामजद हैं। छह अज्ञात हैं। उन्होंने एआरटीओ पर आरोप लगाया कि परिजनों के ट्रकों को पकडकर इंट्री शुल्क लेते थे। मामले की निष्पक्षता से जांच की जाये। उन्होंने मुख्यमंत्री को एआरटीओ की शिकायत भेजी है।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जांच दौरान जानलेवा हमले के एक नामजद आरोपी राहुल सिंह को राजापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। घटना में शामिल कई हमलावर फरार हैं।

मंगलवार को राजापुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार चैधरी की टीम ने एआरटीओ पर जानलेवा हमले के आरोपी राहुल सिंह को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। राहुल सिंह के अधिवक्ता हर्षवीर सिंह व सिद्धांत सिंह की पैरवी के चलते न्यायाधीश सोनम गुप्ता ने राहुल सिंह को जमानत दे दी। दो दिन पहले जांच दौरान ओवरलोड ट्रक छुड़वाने को लेकर कार सवारों ने एआरटीओ पर हमला किया था। अभी कई आरोपी फरार हैं।

## हटायें सभी राजनेताओं की फोटो

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार ने सूबे के सभी जिलाधिकारियों समेत उच्चाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शासकीय कार्यालयों से नेताओं की तस्वीर हटा दें।

मंगलवार को उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के हवाले से कहा कि लोकसभा चुनाव आचार संहिता 16 मार्च से प्रभावी है। आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी रहने की अवधि में शासकीय कार्यालयों से राष्ट्रपति व राज्यपाल की तस्वीर के अलावा अन्य सभी राजनेताओं की तस्वीर हटा दें। इस बाबत उन्हें कहने के निर्देश मिले हैं। आदर्श आचार संहिता प्रभावी रहने/निर्वाचन अवधि तक सभी शासकीय कार्यालयों से राजनेताओं की फोटो हटाई जाये।

# पांच को दबोच 19 लीटर महुआ-77 क्वार्टर देशी शराब की बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने पांच लोगों के कब्जे से 19 लीटर महुआ व 77 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।

मंगलवार को सरधुवा थाने के दरोगा मुन्नीलाल ने छंगू पुत्र भोला केवट हरिसनपुर के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के दरोगा रविकान्त राय ने रज्जू पुत्र श्रीवा खजुरिहा कला के कब्जे से 19 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय ने अर्जुन पुत्र राजाभाई दरियाव मजरा बसिला के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। मऊ थाने के दरोगा रामकृत यादव ने चमिलिया पत्नी स्व चन्द्रपाल परदवां के कब्जे से 19 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के दरोगा रामेश्वर प्रसाद ने लवकुश उर्फ बेटू पुत्र दर्शन अहिरवार ग्रामीण के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# 157 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को दिया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विद्यालय प्रबंधन समितियों को मजबूत करने की गरज से प्रबंध समिति के सदस्यों को विद्यालय स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण देने को ब्लॉक स्तर पर विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व प्रबंध समिति के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष को प्रशिक्षण देने को एसएमसी सदस्यों ने प्रशिक्षण दिया।

मंगलवार को रामनगर ब्लाक के 157 परिषदीय विद्यालयों के एसएमसी अध्यक्षों/उपाध्यक्षों, सचिवों प्रधानाध्यापक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सीपी गौतम महाविद्यालय देउंधा सभागार में हुई। शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने करते हुए प्रतिभागी प्रधानाध्यापकों व मुख्य रूप से एसएमसी अध्यक्ष/उपाध्यक्ष को एसएमसी गठन के उद्देश्य, कार्य, उत्तरदायित्व, विद्यालय संचालन में एसएमसी की भूमिका, एसएमसी के समुचित कार्य न करने से विद्यालय पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा की। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने प्रतिभागियों एसएमसी के उत्तरदायित्व निर्वहन पर रोशनी डाली। संदर्भदाता बतौर संजय कुमार तिवारी, प्रेमचंद यादव, विराग कुमार शुक्ला, संतोष कुमार मिश्र ने प्रधानाध्यापकों, अध्यक्ष, उपाध्यक्षों को जनपहल में निर्धारित 18 बिंदुओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्हें विभिन्न वीडियो-पीपीटी से एसएमसी के संचालन के उदाहरण पेश किये।

सभी प्रतिभागियों को पेन, पैड, जनपहल माड्यूल की 15-15 प्रतियां दी गईं। निर्देश दिये कि सभी अपने विद्यालय में एसएमसी के शेष सदस्यों को प्रशिक्षित करें। प्रतिभागियों को जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यालय सहायक राकेश कुमार पांडेय, दयाशंकर वर्मा ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।



एसएमसी के दायित्वों को बताते खंड शिक्षाधिकारी।

# धन मिलने पर होगी नदी की सफाई

### विधायक को सिंचाई एक्सईएन ने दिया जवाब

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के चित्रकूट-कर्वी विधानसभा के विधायक अनिल प्रधान को सिंचाई विभाग ने मन्दाकिनी नदी सफाई बाबत सूचना के जवाब में कहा है कि मन्दाकिनी नदी सफाई एवं जीर्णोद्धार कराने बाबत आख्या मांगी है। नगर एवं आवासीय क्षेत्र से प्रवाहित सीवर मन्दाकिनी नदी में प्रवाहित होता है। नदी में गन्दगी जमा होती है। जिले में अमावस्या मेला के मद्देनजर मन्दाकिनी नदी कर्वी-बांदा राजमार्ग से लेकर रामघाट तक प्रत्येक वर्ष दो बार सफाई कार्य समेत रामघाट की सीढियों की सफाई की जाती है। वित्तीय वर्ष में मन्दाकिनी नदी सफाई को अलग से धन की मांग की जायेगी। धन मिलने पर नदी की सफाई कराई जायेगी।



सदर विधायक अनिल प्रधान।

# विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार की दुकानें हो गयी बंद: सांसद

### भाजपा के पक्ष में मतदान को गांव-गांव, घर-घर जायें कार्यकर्ता: लोकसभा प्रभारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा ने मऊ-मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के लालतारोड में जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी अध्यक्षता में कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बांदा लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता, भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल, सहसंयोजक शिवशंकर सिंह, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख अरविंद मिश्रा, गंगाधर मिश्रा, विनीत द्विवेदी, अमित द्विवेदी, अर्जुन शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी की मौजूदगी में लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता ने कहा कि चुनावी शंखनाद हो गया है। आयोग ने तारीखें घोषित कर दी हैं। कार्यकर्ताओ की जिम्मेदारी बढ गयी है। सबको मिलकर भाजपा प्रत्याशी को ज्यादा से ज्यादा मतों से जिताने को गांव-गांव घर-घर जाना है।

मंगलवार को कार्यकर्ता सम्मेलन में लोकसभा प्रभारी ने केन्द्र-प्रदेश सरकार के किये जनहि-राष्ट्रहित के कामों को बताते हुये भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करना है। सरकार की जारी लाभार्थी परक योजनाओं से विकास की गति चलती रहे, मोदी की तीसरी बार सरकार बनाना जरूरी है।

भाजपा बांदा-चित्रकूट लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने कहा कि दस वर्षों से प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में ईमानदार, पारदर्शी, गरीबों को समर्पित सरकार चल रही है। सरकार कैबिनेट में मंत्री व भाजपा से चुने संसद सदस्य पर कोई भ्रष्टाचार का आरोप नही लगा। विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार की दुकानें बंद हो गयी है। भ्रष्टाचार की दुकानें कैसे फिर से चलें, सभी विपक्षी दल मिलकर मोदी को हटाने मे लगे हैं। देश की जनता मोदी के साथ है। भ्रष्टाचार की दुकानें फिर से न चलने देने को मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। सरकार ने चित्रकूट विकास प्राथमिकता से करने के काम किये हैं। चित्रकूट में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे, गांवों को मुख्य मार्गों से जोडने, सडक मार्ग व हवाई मार्ग से देश के विभिन्न महानगरों से जोडने का काम किया है। मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है। गरीब कल्याण अन्न योजना से 80 करोड़ को राशन, आवास योजना से चार करोड़ को पक्की छत, जल जीवन मिशन से 14 करोड़ परिवार में नल से जल, आयुष्मान भारत से 55 करोड़ लाभान्वित हुए, ये मोदी की गारंटी है। मोदी की अगुवाई में भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था है, ये मोदी की गारंटी है।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि मोदी देश ही नहीं, दुनिया के नेता हैं। दुनिया की महाशक्तियां मोदी के पीछे चल रही है। जहां मोदी जाते हैं, उनके नाम के जयकारे लगते हैं। मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर के नाम से लोगों ने दल बनाकर वोट हथियाये। सरकारें बनाई, किसी ने भी दलित समाज के उत्थान-विकास को काम नहीं किया। वंशवादी-जातिवादी राजनीति करने वालों ने युवाओं को ठगा, तिजोरी भरी। इस मौके पर राघवेन्द्र सिह, तीरथ तिवारी, श्यामनरायण शुक्ला, मोहनदास मिश्रा, मनीष सिंह, बाला जी, अर्जुन शुक्ला, राजीव त्रिपाठी, जयप्रकाश पांडे, महेश पांडे, राजाराम पाल, मुन्नालाल प्रजापति, राकेश कोल, पुष्पराज सिंह, सोनू मिश्रा, मोनू मिश्रा, पप्पू पाल, संतोष मिश्रा समेत सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।




कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद भाजपाई।

## आठ देशी बम समेत युवक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने एक युवक के कब्जे से आठ देशी बम बरामद कर दबोचा है।

मंगलवार को शिवरामपुर चैकी प्रभारी सत्यमपति त्रिपाठी ने छोटा मुन्ना उर्फ नफीस पुत्र अहमद खां निवासी शिवरामपुर के कब्जे से आठ देशी बम बरामद कर दबोचा है। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी, दीवान दिनेश व सिपाही श्यामू शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में बमबाज।

## खनिज अधिकारी ने अवैध खनन पर चेताया

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसडीएम राकेश कुमार पाठक के निर्देश पर खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने बियावल घाट बसरेही का औचक निरीक्षण कर खनिज पट्टाधारक को चेताया कि अवैध खनन करने पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। मंगलवार को खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने बियावल घाट बसरेही में धड़ल्ले से हो रहे अवैध खनन का निरीक्षण किया। खनिज अधिकारी ने अवैध खनन पर रोक लगाते हुए चेताया कि अवैध खनन करते पकड़े जाने पर कडी कानूनी कार्यवाही होगी। लोकसभा चुनाव की दस्तक होते ही एसडीएम राकेश कुमार पाठक ने अवैध खनन में लिप्त बालू घाट समेत अवैध मिलावटी शराब को प्रतिबंधित करने को कडे निर्देश दिये। चेताया कि पकड़े जाने पर कडी कानूनी कार्यवाही होगी।

# भारत में अश्लील कंटेंट को लेकर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म बैन

भारत सरकार ने इंटरनेट पर अश्लील सामग्री उपलब्ध कराने वाले प्लेटफॉर्म पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया है.




भारत ने मनोरंजन के नाम पर अश्लील सामग्री परोसने के आरोप में 18 ओवर द टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म पर गुरुवार को रोक लगा दी, साथ ही उनसे जुड़े सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी बंद कर दिया. इनमें 19 वेबसाइट, 10 ऐप और 57 सोशल मीडिया हैंडल्स शामिल हैं.

आरोप है कि ये ओटीटी प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मनोरंजन के नाम पर अश्लील और आपत्तिजनक वीडियो पेश कर रहे थे. इससे पहले इन ओटीटी ऐप्स को कई बार चेतावनी दी गई थी. चेतावनी के बाद सामग्री में सुधार नहीं होने पर सरकार ने यह कदम उठाया है.

**महिलाओं को अपमानजनक तरीके से दिखाया**

सरकार का कहना है कि इनके कंटेंट में अश्लीलता थी. कई जगह महिलाओं को अपमानजनक तरीके से दिखाया जाता था. साथ ही इसमें विभिन्न संदर्भों में नग्नता और सेक्स कंटेंट परोसा गया. छात्र और टीचर के रिश्तों के अलावा पारिवारिक रिश्तों को भी गलत तरीके से दिखाया जाता था. सरकार ने बैन करने का यह फैसला मंत्रालयों/विभागों और मीडिया, मनोरंजन जगत के साथ महिला अधिकारों और बाल अधिकारों के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले डोमेन विशेषज्ञों से सलाह के बाद आईटी एक्ट, 2000 के प्रावधानों के तहत लिया है.

इसे आईटी अधिनियम की धारा 67 और 67ए, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 का उल्लंघन माना गया था.

**यहां परोसा जा रहा था अश्लील कंटेंट**

ये ओटीटी प्लेटफॉर्म ड्रीम्स फिल्म्स, वूवी, येस्मा, अनकट अड्डा, ट्राई फ्लिक्स, एक्स प्राइम, नियॉन एक्स वीआईपी, बेशरम, हंटर्स, रैबिट, एक्स्ट्रामूड, न्यूफ्लिक्स, मूडएक्स, मोजफ्लिक्स, हॉट शॉट्स वीआईपी, फुगी, चिकूफ्लिक्स और प्राइम प्ले हैं.

ओटीटी ऐप्स में से एक को 1 करोड़ से अधिक डाउनलोड मिले हैं, जबकि दो अन्य को गूगल प्ले स्टोर पर 50 लाख से अधिक डाउनलोड मिले हैं. सरकार ने एक करोड़ डाउनलोड मिलने वाले ऐप का नाम नहीं बताया है.

इन ओटीटी प्लेटफार्मों ने दर्शकों को अपनी वेबसाइटों और ऐप्स पर आकर्षित करने के लिए ट्रेलरों, विशिष्ट दृश्यों और बाहरी लिंक को प्रसारित करने के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया. इन ओटीटी प्लेटफार्मों के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर 32 लाख से अधिक फॉलोअर्स थे.

इससे पहले सरकार ने जून 2023 में नेटफ्लिक्स, डिज्नी और अन्य स्ट्रीमिंग सेवाओं को ऑनलाइन कंटेंट अपलोड करने से पहले अश्लीलता और हिंसा के लिए अपने कंटेंट की स्वतंत्र रूप से समीक्षा करने के लिए कहा था.

# गाजा के अल-शिफा अस्पताल में छापेमारी के दौरान एक इजराइली सैनिक की मौत

**गाजा।** इजराइली सेना ने कहा है कि गाजा शहर में अल-शिफा अस्पताल में छापेमारी के दौरान उसके एक सैनिक की मौत हो गई।



समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने इजराइली सार्वजनिक रेडियो के हवाले से बताया कि सैनिक हनाहल ब्रिगेड का हवलदार था। उसकी मौत के साथ पिछले साल संघर्ष की शुरूआत के बाद से अब तक 593 इजराइली सैनिकों की मौत हो चुकी है। इससे पहले सोमवार को हमास की सशस्त्र शाखा, अल-कसम ब्रिगेड ने कहा था कि अल-शिफा परिसर के पास घुसपैठ कर रहे दुश्मन (इजराइली) सेना के साथ उसकी भीषण झड़प हो रही है। अल-कसम ब्रिगेड ने एक प्रेस बयान में कहा कि उसने कई सैन्य वाहनों को निशाना बनाया। इजराइली रक्षा बलों के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि आईडीएफ सैनिक खुफिया जानकारी के आधार पर अल-शिफा अस्पताल में एक अभियान चला रहे थे। फि लिस्तीनी और इजराइली सूत्रों के अनुसार, छापेमारी के दौरान कई फि लिस्तीनी मारे गए व घायल हुए और 80 लोगों को गिरफ़्तार किया गया। मारे गए लोगों में हमास के आंतरिक सुरक्षा तंत्र के संचालन निदेशालय के प्रमुख फाइक अल-मबौह भी शामिल हैं।

# नेपाल ने भारतीय क्षेत्र लिपुलेख व लिंपियाधुरा को फिर अपना बताया

**काठमांडू।** नेपाल के सत्तारूढ़ नए गठबंधन ने भारतीय क्षेत्र लिपुलेख और लिंपियाधुरा को एक बार फिर अपना बताया है। गठबंधन ने इस मुद्दे को अपने न्यूनतम साझा कार्यक्रम में भी शामिल किया है।

प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (एमसी) के अध्यक्ष पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' और सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली, माधव कुमार नेपाल, रवि लामिछाने और उपेंद्र यादव ने मंगलवार को नए गठबंधन का न्यूनतम साझा कार्यक्रम जारी किया। प्रधानमंत्री के सरकारी आवास पर हुए कार्यक्रम में लिपुलेख और लिंपियाधुरा की जमीन को भारत से वापस लेने के संकल्प को दोहराया गया है। न्यूनतम साझा कार्यक्रम में इसके लिए भारत से कूटनीतिक पहल करते हुए जमीन को वापस लेने की बात कही गई है। प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा कि लिपुलेख और लिंपियाधुरा, कालापानी और सुस्ता की जमीन को वापस लेने के लिए भारत के साथ प्रभावकारी कूटनीतिक प्रयास किया जाएगा। प्रचंड ने कहा कि नेपाल की भौगोलिक अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए किसी भी तरह का कदम उठाने से पीछे नहीं हटेंगे।

न्यूनतम साझा कार्यक्रम में नेपाल की विदेश नीति को लेकर प्रचंड ने कहा कि पंचशील के सिद्धांत और असंलग्न विदेश नीति हमारी जड़ है। पडोसी देशों के साथ समान दूरी के संबंध के आधार पर सम्मानजनक रिश्ता रखने की बात कही गई है। गठबंधन के साझा कार्यक्रम में यह भी कहा गया है कि भारत के साथ हुए सभी संधि समझौते का पुनरावलोकन किया जाएगा। भारत के साथ हुए 1950 के संधि के साथ बाकी सभी संधि समझौते का पुनरावलोकन किया जाएगा और जरूरत पडने पर उसे बदला भी जाएगा।

# रूस-चीन संबंध गहरे और विकसित होते रहेंगे : पुतिन

**बीजिंग।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को कहा कि रूस-चीन संबंध गहरे और विकसित होते रहेंगे, नई उपलब्धियां हासिल करेंगे और दोनों देशों के लोगों को लाभ होगा।



पुतिन ने चुनाव के बाद आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में भाषण दिया और मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। चीनी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वर्षों के विकास के बाद, रूस-चीन संबंध बहुत स्थिर और अत्यधिक पूरक हैं।

पुतिन ने बताया कि रूस और चीन के बीच आर्थिक, कूटनीतिक और अन्य क्षेत्रों में अभिसरण के कई बिंदु हैं। जहां तक यूरेशियाई क्षेत्र के विकास का सवाल है, रूस-चीन संबंध एक महत्वपूर्ण स्थिर कारक हैं, और चीन द्वारा प्रस्तावित "बेल्ट एंड रोड" के सह- निर्माण वाली पहल बहुत महत्वपूर्ण है।

पुतिन ने चीन की विकास उपलब्धियों पर सकारात्मक बात की। उनका मानना है कि चीन बड़े आत्मविश्वास के साथ तेजी से विकास हासिल कर रहा है और अभिनव अर्थव्यवस्था में तब्दील हो रहा है। चीन अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिन-ब-दिन सक्रिय है और बड़ी सफलता हासिल की है, दुनिया भर में उसके कई दोस्त हैं।

पुतिन ने इस बात पर जोर दिया कि थाईवान चीन का एक अविभाज्य हिस्सा है। थाईवान के चारों ओर उकसावे भड़काने और चीन के विकास को रोकने के लिए विभिन्न उपाय करने की कु-चेष्टा निस्संदेह पूरी तरह से विफल हो जाएगी।

# बांग्लादेश में भ्रष्टाचार पर बड़ा कानूनी फैसला, हॉलमार्क के प्रबंध निदेशक और उनकी पत्नी को उम्रकैद की सजा

**ढाका।** बांग्लादेश में मंगलवार को भ्रष्टाचार पर अहम कानूनी फैसला आया है। ढाका की एक अदालत ने सोनाली बैंक के लगभग 4,000 करोड़ रुपये के ऋण भ्रष्टाचार से संबंधित 11 मामलों में से एक में हॉलमार्क के प्रबंध निदेशक तनवीर महमूद और उनकी पत्नी जैस्मीन इस्लाम (कंपनी अध्यक्ष) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। ढाका के विशेष न्यायाधीश कोर्ट-1 के जज मोहम्मद अबुल काशेम ने फैसले की घोषणा की।



इन मामलों में जेल में बंद आरोपितों में तनवीर और उनकी पत्नी के अलावा हॉलमार्क के महाप्रबंधक तुषार अहमद, सोनाली बैंक के प्रधान कार्यालय के पूर्व जीएम मीर मोहिदुर रहमान, उप महाप्रबंधक (डीजीएम) मोहम्मद सफीउद्दीन अहमद, उप प्रबंध निदेशक (डीएमडी) मैनुल हक, एजीएम मोहम्मद कमरुल हुसैन खान और नक्शी निट के मोहम्मद अब्दुल मालेक शामिल हैं।

इसके अलावा फरार आरोपितों में पैरागॉन ग्रुप के एमडी सैफुल इस्लाम राजा, सोनाली बैंक के हेड ऑफिस जीएम नानी गोपाल नाथ, हेड ऑफिस के पूर्व प्रबंध निदेशक हुमायूं कबीर, सहायक उप महाप्रबंधक एमडी सैफुल हसन, कार्यकारी अधिकारी अब्दुल मतीन, मैक्स स्पिनिंग मिल्स के मालिक मीर जकारिया, टी ऐंड ब्रदर्स के तसलीम हसन और सोनाली बैंक धानमंडी शाखा के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी मेहरुन्नेसा मैरी हैं।

**आरोप-जबरन बंद कराया गया कार्यक्रम**

इसके अलावा सावर के हेमायतपुर के तेतुलझोरा संघ परिषद के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद जमाल उद्दीन सरकार जमानत पर हैं। 28 जनवरी को दलीलों के बाद अदालत ने 28 फरवरी के लिए फैसला निर्धारित किया था। इस केस में इन पर आरोप है कि अस्तित्वहीन मैक्स स्पिनिंग मिल्स के नाम पर लगभग 526 करोड़ टका का ऋण लेकर 10.5 करोड़ टका का गबन किया गया।

# अमेरिका, पश्चिमी देशों ने रूस में हुए चुनावों की विश्वसनीयता पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** अमेरिका और कई पश्चिमी देशों ने मौजूदा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक बार फिर से चुने जाने की खबरों के बीच सवाल खड़ा किया है। इन देशों ने रूसी राष्ट्रपति चुनाव में चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है।



व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता व स्वतंत्रता का अभाव है। पुतिन ने अपने राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया है और कई को चुनाव लड़ने से रोका है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति ब्लादिमिर जेलेंस्की ने भी अपने रूसी समकक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पुतिन सत्ता में बने रहने के लिए सब कुछ कर रहे हैं।

एक बयान में, ब्रिटेन के विदेश विभाग ने यूक्रेनी क्षेत्र में अवैध रूप से चुनाव कराने के लिए रूस की आलोचना की। बयान में कहा गया कि इससे यह प्रतीत होता है कि शांति का रास्ता खोजने में रूस की दिलचस्पी नहीं है।

जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने कहा कि पुतिन का शासन सेंसरशिप, दमन और हिंसा पर निर्भर है।

पोलैंड के विदेश मंत्रालय ने भी रूस में हुए चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाया है। पोलिश विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा,"रूस में दमन के जिन हालात में मतदान हुआ, उसमें स्वतंत्र, लोकतांत्रिक विकल्प चुनना असंभव था।"

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# ऑस्ट्रेलिया में चक्रवात से सैकड़ों लोग फंसे

**कैनबरा।** उष्णकटिबंधीय चक्रवात मेगन के कारण सुदूर उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, चक्रवात मेगन ने सोमवार दोपहर ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र के उत्तर-पूर्व में दस्तक दी। इससे 200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई। इससे पहले सोमवार को मौसम की बिगड़ती स्थिति के कारण आसपास के शहरों से हवाई सेवा को निलंबित कर दिया गया। इससे लोग वहां से निकल नहीं सके।



चक्रवात के कारण करीब 700 लोग फंस गए। इलाके की बिजली काट दी गई है।

सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में राज्य के मुख्यमंत्री ईवा लॉलर ने कहा कि बोरोलूला में हम लोगों को सुरक्षित रखने के लिए काम कर हैं।

मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने देश के उत्तरी क्षेत्र के के उत्तर-पूर्व में 300 मिमी तक बारिश की आशंका के साथ बाढ़ की भी चेतावनी जारी की है।

# टेक्सास के सुप्रीम कोर्ट ने अमेरिका-मेक्सिको सीमापार करने वाले प्रवासियों को गिरफ्तार करने वाले कानून पर रोक लगाई

**मैक्लेन (टेक्सास)।** टेक्सास के सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक मुकदमे की सुनवाई के दौरान अमेरिका-मेक्सिको सीमापार करने वाले प्रवासियों को गिरफ्तार करने वाले कानून पर रोक लगा दी है। जस्टिस सैमुअल अलिटो ने इस मुकदमे की सुनवाई की। उन्होंने इस कानून पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस कानून के भविष्य पर जल्द फैसला लिया जाएगा।



इस आदेश के बाद अवैध रूप से अमेरिका-मेक्सिको सीमापार करने वाले प्रवासियों को गिरफ्तार करने की टेक्सास की योजना को योजना को तगड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट आप्रवासन पर रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट के ताजा कदम को चुनौती मान रहा है।

देश की सबसे बड़ी अदालत ने न्याय विभाग के नेतृत्व में एक मुकदमे पर इस कानून पर प्रतिबंध लगाया है। इसमें तर्क दिया गया है कि टेक्सास संघीय सरकार आव्रजन प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र से आगे निकल रही है। मौजूदा कानून के तहत टेक्सास में कोई भी पुलिस अधिकारी अवैध प्रवेश करने वाले प्रवासियों को गिरफ्तार कर सकता है और एक न्यायाधीश उन्हें अमेरिका छोड़ने का आदेश दे सकता है।